तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


राखी के पहले यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण ट्रेनों में बैठने की नहीं मिल रही जगह।

## खबर संक्षेप

### एयू के रजिस्ट्रार बनाए गए सहायक प्राध्यापक गौतम

**बिलासपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय कालेज पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा के सहायक प्राध्यापक डॉ. तारणीश गौतम को एयू का प्रभारी रजिस्ट्रार बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के संबंध में गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव राकेश कुमार ध्रुव के हस्ताक्षर से आज इस संबंध में आदेश जारी हुआ है। डॉ. तारणीश गौतम जांजगीर-चांपा जिला के शासकीय भीमराव अम्बेडकर पामगढ़ कालेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ है। डॉ. गौतम को तत्काल प्रभाव से एयू के प्रभारी रजिस्ट्रार का कार्यभार सौंपा गया है। अटल यूनिवर्सिटी में डिप्टी रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे अभी तक रजिस्ट्रार के प्रभार पर थे।

**सैकड़ों मामले पेंडिंग, चक्कर काट रहे अभिभावक**

# ऑफलाइन बर्थ सर्टीफिकेट से नहीं बना आधार, बिना आधार के स्कूल में प्रवेश नहीं, दो महीने से चक्कर काट रहा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

अपनी बेटी को कक्षा पहली में प्रवेश दिलाने सरकारी स्कूल पहुंचे एक पिता से बच्ची के आधार कार्ड की मांग की गई। आधार कार्ड नहीं होने पर बनवाने की गरज से पिता चॉइस सेंटर पहुंचा। आधार बनवाने के लिए ऑनलाईन जन्म प्रमाणपत्र जरूरी है, लेकिन पिता के पास हाथ से बनाया गया ऑफलाइन जन्म प्रमाणपत्र था, लिहाजा आधार भी नहीं बना।

ऑफलाइन जन्म प्रमाणपत्र को ऑनलाइन करवाया जा सकता है, लेकिन इसका पोर्टल सालों पहले से दिल्ली से ही बंद है। कुल मिलाकर पिछले दो महीने से पिता और पुत्री विभागों के चक्कर काट रहे हैं। देवरीखुर्द निवासी दुजेराम यादव अपनी छह वर्षीय पुत्री सीमा यादव को देवरीडीह स्थित शासकीय मिडिल स्कूल में कक्षा पहली में प्रवेश दिलाने पहुंचे। यहां उनसे प्रवेश के लिए बच्ची के आधार कार्ड की मांग की गई। आधार नहीं होने के कारण उन्हें आधार बनवाकर पुनः आने की बात कहकर वापस लौटा दिया गया। श्री यादव अपनी बच्ची को लेकर तोरवा के पास एक चॉइस सेंटर गए, लेकिन यहां ऑफलाइन से आधार नहीं बन पाने व इसके लिए लोक सेवा केंद्र जाने की समझाइश पर वहां पहुंचे। यहां भी ऑफलाइन बर्थ सर्टीफिकेट से आधार नहीं बन पाने की बात कही गई। इस संबंध में उन्होंने जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग के समक्ष लिखित आवेदन कर सारी समस्या बताई है। उनका कहना है कि बीते दो महीने से वे लगातार प्रवेश के लिए स्कूल और प्रमाणपत्र के लिए चॉइस सेंटरों के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो चुके हैं।

**प्रदेश स्तर पर है ये समस्या**

ऑफलाइन जन्म प्रमाणपत्रों के कारण आधार नहीं बन पाने वाली समस्या केवल एक जिले की नहीं, बल्कि प्रदेश के सभी जिलों की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार बिलासपुर जिले में विभिन्न रजिस्ट्रार द्वारा विभिन्न वर्षों में जारी किए गए ऑफलाइन प्रमाणपत्रों एवं जिन वर्षों के पोर्टल नहीं खुल रहे हैं उनकी सूची राज्य कार्यालय को भेज दी गई है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो सका है। इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि दिल्ली कार्यालय द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रदेश के सभी जिलों से सूची आ जाने के बाद ही सेंट्रल को एक साथ सूची भेजी जाए। इधर प्रदेश कार्यालय में सभी जिलों से सूची नहीं जा पाने के कारण बिलासपुर का मामला भी अधर में लटका है।

**यहां फंसा है पेंच**

राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए चिप्स को अधिकृत किया गया था। इसके बाद विभिन्न कारणों के चलते आई गड़बड़ी के बाद जन्म प्रमाणपत्र ऑफलाइन बनाया जाने लगा। इधर साल 2021 में भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए अपना पोर्टल लांच कर दिया गया। अब प्रमाणपत्र फिर से ऑनलाइन बनाए जाने लगे। दिक्कत यह है कि 2021 के पूर्व ऑफलाइन जारी किए गए जन्म प्रमाणपत्रों के आधार पर अभी आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। ऑफलाइन प्रमाणपत्रों को ऑनलाइन किया जा सकता है, लेकिन पोर्टल दिल्ली से ही बंद है, जिससे ऑफलाइन प्रमाणपत्रों को ऑनलाइन करने की पूरी प्रक्रिया ही रूकी है। इस संबंध में जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा शासन को पत्र भी भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है।




**प्राईवेट स्कूल वालों ने भी कर दिया मजाक**

दूजेराम पटेल आरटीई के अंतर्गत अपनी बच्ची के एडमिशन के लिए देवरीखुर्द के एक निजी स्कूल भी पहुंचे थे। यहां उनसे राशन कार्ड व अन्य दस्तावेजों की मांग की गई। मांगे गए सारे दस्तावेज स्कूल प्रबंधन को उपलब्ध करा देने के बाद उनसे 12 हजार रूपए की मांग की गई। इतना ही नहीं, बल्कि हर महीने चार से पांच हजार का खर्च भी बताया गया। राशि का अभाव बनाने के बाद अंत में आरटीई के अंतर्गत सीट रिक्त नहीं होने की बात कहते हुए उन्हें चलता कर दिया गया।

**बच्ची को दिलाया जाएगा प्रवेश**

स्कूलों में प्रवेश के लिए आधार जरूरी तो है, लेकिन इसके बिना प्रवेश ही न दिया जाए ऐसे कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं। बच्चा प्रवेश के बाद भी आधार बनवाकर बाद में जमा कर सकता है। प्रकरण संज्ञान में नहीं था। बच्ची को प्रवेश दिलाने की व्यवस्था की जाएगी।

-विजय तांडे, डीईओ

### हादसे में घायल दूसरे श्रमिक की भी गुरूवार को हो गई मौत

# एनटीपीसी हादसा: गांव में उठी एक साथ दो अर्थी, पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनटीपीसी सीपत संयंत्र में बुधवार को मेंटेनेंस के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में दो श्रमिकों की मौत हो चुकी है। हादसे में बुरी तरह से घायल ग्राम पोंड़ी निवासी श्रमिक प्रताप सिंह कंवर उम्र 28 वर्ष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। खास बात यह है कि श्रमिक की मौत बुधवार की रात 9 बजे ही हो गई थी, लेकिन प्रबंधन ने मीडिया से यह जानकारी छुपाई। गुरूवार को परिजनों के अपोलो पहुंचने पर इसकी जानकारी मिली है।

▪ अपोलो में चल रहा था इलाज

सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट में हुए हादसा में घायल दो मजदूरों की अब तक मौत हो चुकी है। बुधवार को यूनिट-5 में काम के दौरान एयर प्री फिल्टर का प्लेटफार्म अचानक गिर गया, 5 से अधिक मजदूर दब गए, इस दौरान श्रमिक श्याम साहू पिता नारायण साहू (27 वर्ष) प्रताप सिंह कंवर (28 वर्ष) बुरी तरह से घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। सूत्रों के अनुसार श्याम साहू और प्रताप सिंह कंवर की मौत बुधवार को ही हो गई थी, लेकिन प्रबंधन ने महज श्याम साहू की मौत की पुष्टि की थी। गुरुवार दोपहर जब दोनों शव गांव पहुंचे तो इस दौरान माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। दोनों युवकों के शव को निहारने सैकड़ों लोग उमड़े।


पोस्टमार्टम के लिए लाया गया मृतक का शव।


मृतक

**ग्रामीणों ने दोहराई मांग**

श्याम साहू के मामले में एनटीपीसी प्रबंधन से हुए समझौते के अनुसार पत्नी को एनटीपीसी में नौकरी, 60 वर्ष तक पेंशन, 10 लाख की आर्थिक सहायता एक सप्ताह में, 50 हजार की तत्काल मदद की बात सामने आ रही है, यही मांगे मृतक प्रताप सिंह के परिवार के लिए भी परिजन और ग्रामीण मांग रहे है।

**चक्काजाम, प्रदर्शन और फिर समझौता**

हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार मटेरियल गेट पर चार घंटे चक्का जाम किया। मुआवजा, नौकरी और जिम्मेदार ठेका कंपनी पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। स्थिति को नियंत्रित करने प्रशासन, पुलिस, एनटीपीसी प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों ने परिजनों से मैराथन बैठक की। इसके बाद देर शाम तक जाम समाप्त हो गया।

**बहनों की आंखों से नहीं थम रहे आंसू**

रक्षाबंधन त्याहोर के पहले अपने भाइयों की मौत देख बहनों की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे। दोपहर 12. 30 बजे श्याम व प्रताप का शव गांव पहुंचा। दोनों शव जैसे ही गांव पोड़ी पहुंचे, मातम की लहर दौड़ गई। शोक संतप्त परिवार के साथ पूरा गांव बिलख पड़ा। हर चेहरा आंसुओं से भीगा था। मृतक प्रताप सिंह कंवर दो भाइयों में बड़ा था, पीछे तीन बहनें हैं, जिनकी जिम्मेदारी अब सिर से उठ गई। वहीं, श्याम साहू की दो वर्षीय मासूम बेटी अब उम्रभर पिता की छांव को तरसेगी। श्याम की दो बहनें व प्रताप की तीन बहनें थीं।

# हाईकोर्ट ने लग्जरी गाड़ियों से हाइवे जाम कर रील्स बनाने के मामले में मांगा जांच का स्टेटस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लग्जरी गाड़ियों को हाईवे पर खड़े कर सड़क जाम करने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से यह पूछा है कि पुलिस प्रशासन ने इस मामले के जांच में अब तक क्या-क्या किया है। इस सब बातों को लेकर शपथ पत्र पर जवाब देना होगा। मामले में अगली सुनवाई सितंबर माह में होगी।

▪ हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से किया जवाब तलब

कुछ युवाओं ने बिलासपुर जिले में लग्जरी कार खड़े कर नेशनल हाईवे-130 जाम कर फोटोशूट किया था। इस पर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई और चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने बिलासपुर पुलिस से पूछा था कि इन लग्जरी गाड़ियों को जब्त क्यों नहीं किया गया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने इसे स्वतः संज्ञान में लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। उन्होंने हाइवे जाम करने वाली गाड़ियों को जब्त न करने और मामूली कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन पुलिस खुद को असहाय साबित कर रही है। यही बात राज्य में कानून व्यवस्था को कमजोर कर सकती है। पुलिस ने इस घटना में शामिल वाहनों को जब्त करने की भी जहमत नहीं उठाई। इसी मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सुनवाई की। राज्य शासन के अधिवक्ता से चीफ जस्टिस ने यह बताने को कहा कि अब तक दोषी लोगों पर क्या कार्रवाई हुई है। उन्होंने इसके साथ ही राज्य के मुख्य सचिव को एक हलफनामे पर सारी बातों का उल्लेख करने को निर्देशित किया।


पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी का सायरन बजाते स्टंट कर रील बना रहा था ड्राइवर, पकड़ा गया

### गवर्नमेंट स्कूल पानी टंकी से जल आपूर्ति बंद रहेगी आज

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट स्कूल पानी से जल आपूर्ति बंद 8 अगस्त को बंद रहेगी। नगर निगम के संबंधित जोन कमिश्नर ने बताया कि 8 अंगस्त को गवर्नमेंट स्कूल पानी की सफाई की जाएगी। इसके लिए इस टंकी से जल प्रदाय क्षेत्र कतिया पारा, देवांगन मोहल्ला जून बिलासपुर, किला वार्ड, उदई चौक, दयालबंद मेन रोड़, मांडवा बस्ती, सोनकर मोहल्ला एवं संबंधित क्षेत्रों में पानी की सफ्लाई शाम तक नहीं होगी। यह अवधि बढ़ाई या कम भी की जा सकती है।

# दोपहर आसमान से बरसी आग, शाम को पानी

**बिलासपुर।** गुरुवार को दिन में मौसम खुलने से तेज धूप निकली और आसमान से अंगारे बरसने लगे। दोपहर होते होते घरों से बाहर निकलने वालों का हाल बेहाल हो गया, परन्तु शाम 6 बजे के बाद शहरी इलाके में हुई झमाझम बारिश से गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली।

▪ बारिश होने के बाद भी गर्मी से नहीं मिली राहत

रात तक हल्की बूंदाबांदी होती रही, हालांकि बारिश होने के बाद भी लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल सकी। पिछले कुछ दिनों से वर्षा का क्रम टूटने के कारण गर्मी लौट आई है, यह गर्मी अपने साथ उमस भी लेती आई है। आसमान पर बादल छाए रहने के कारण दिन में चुभने वाली धूप निकल रही है, सुबह 9 बजे के बाद घरों से बाहर निकलने वालों का पसीना छूट रहा है, वहीं घरों के अंदर रहने वालों की भी गर्मी से हालत खराब हो रही है। घरों में इन दिनों एसी और कूलर फिर से चलने लगे हैं, उसके बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

**बिजली की मार से पूरा शहर हलाकान**

एक ओर बारिश कम होने के कारण गर्मी और उमस से लोगों का बुरा हाल है, वहीं दूसरी ओर बिजली सप्लाई की लचर व्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें दोगुनी कर दी है। गुरुवार को शहर और आसपास के इलाके में दिनभर बिजली का आना जाना लगा रहा। शाम को बारिश होते ही शहर के अधिकांश इलाकों की बिजली बंद हो गई। देर रात तक कई इलाकों में बिजली आती जाती रही।

### इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक विकास व आनंदी होंगे शामिल

# रॉकेट व ड्रोन चैलेंज इग्नाइट इंडिया का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में पहली बार अंतरिक्ष और ड्रोन तकनीक पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता इग्नाइट इंडिया 2025 का आयोजन 4 व 5 अक्टूबर को डीपी विप्र कॉलेज बिलासपुर में होने जा रहा है।

▪ छत्तीसगढ़ को स्पेस और एयरोस्पेस हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम

यह ऐतिहासिक आयोजन इन्स्पायरोविशन टेक्नोलॉजीस एलएलपी और डीपी विप्र कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्पेस, ड्रोन और रक्षा तकनीक के क्षेत्र में प्रेरित करना है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कार्यक्रम संयोजक और इन्स्पायरोविशन के सीईओ रंजीत सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को एयरोस्पेस और रक्षा तकनीक के स्टार्टअप का हब बनाना है। डीपी विप्र कॉलेज प्रशासनिक समिति के सदस्य राजकुमार अग्रवाल, उप-प्राचार्य डॉ. मधुसूदन तंबोली और प्रो. निधिष चौबे ने इस आयोजन को छत्तीसगढ़ के लिए मील का पत्थर बताया है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों की टीमें अपने रॉकेट और ड्रोन प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत करेंगी। पहले दिन डीपी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रेजेंटेशन और ओरिएंटेशन सत्र होंगे, वहीं दूसरे दिन रॉकेट लॉचिंग, स्पेस एग्जिबिशन और ड्रोन शो जैसे आकर्षक आयोजन होंगे। कार्यक्रम में इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक विकास श्रीवास और पी. आनंदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। दोनों वैज्ञानिकों ने चंद्रयान, मंगलयान जैसे अभियानों में अहम भूमिका निभाई है। इनकी उपस्थिति छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। इस आयोजन में रॉकेटीयर्स रिसर्च इंस्टीट्यूट लुधियाना तकनीकी सहयोगी, अगस्त्य रिसर्च कलेक्टिव बेंगलुरु रिसर्च पार्टनर और आईएनआई पब्लिकेशन तमिलनाडु पब्लिकेशन पार्टनर के रूप में सहयोग दे रहे हैं।


पत्रकारों से चर्चा करते हुए कार्यक्रम के संयोजक।

फ्री एंट्री, फ्री पार्किंग

इस वर्ष 2025 में राखी के त्यौहार पर
सबसे बड़ा हाईलाइट डिस्काउंट ऑफर 8, 9 व 10 August


बिलासपुर की जनता की मांग पर दो ट्रक माल और
ऑनलाइन ऑर्डर में भारी कमी होने के कारण
इस वर्ष फैक्ट्री मालिकों के पास करोड़ों रुपए का स्टॉक जमा हो गया।


MENS WEAR, KIDSWEAR, LADIES WEAR

कम्पनी के डायरेक्टर द्वारा लिया गया अर्जेन्ट फैसला
सिर्फ फण्ड की आवश्यकता पड़ने पर

500, 1000 से 1500 रुपए तक के बिकने वाले ब्रांडेड गारमेंट्स आइटम्स
डायरेक्ट बिलासपुर के रिटेल ग्राहकों को कैश एण्ड कैरी
मात्र 100, 200 व 250 रुपए में बिक्री कर दिए जाएंगे

1000 से 2500 तक में बिकने वाले एक्सक्लूसिव ब्रांड के गारमेंट्स भी
मात्र 350 - 550 रुपए में बिक्री कर दिए जाएंगे

हम बिक्री कर रहे गारमेन्ट्स के ब्राण्डों के नाम ओपन नहीं कर सकते, क्योंकि इतने कम रेटों पर बिक्री करना हमारी मजबूरी है

आश्चर्यजनक किंतु सत्य

बच्चा टी-शर्ट, नेकर, जीन्स शर्ट, लोअर, टॉप जीन्स 600 से 900 रु वाली
लीजिये मात्र 150 से 350 रुपए में
कुर्ती, प्लाज़ो, लोअर, कैपरी, वेस्टर्न टॉप जीन्स 700 से 2500 रु वाली
लीजिये मात्र 100 से 350 रुपए में

1500 से 2500 रु तक में बिकने वाले ब्रांडेड जेंट्स टी-शर्ट लीजिये मात्र 200 से 250 रुपए में
1200 से 2100 रु तक में बिकने वाले लॉन्ग कुर्ती, वन-पीस लीजिये मात्र 350 रुपए में
1700 से 3000 रु तक में बिकने वाले जेंट्स जीन्स, ट्राउज़र्स लीजिये मात्र 350 से 590 रुपए में

यह बिक्री सिर्फ 3 दिन के लिए होगी 8, 9 व 10 अगस्त
समयः प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

नोट : 1. बिलासपुर की जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा मकसद सेल लगाकर माल बेचना नहीं है.
2. कंपनी पर बैंक का अत्यंत दबाव होने के कारण कंपनी को अर्जेन्ट फण्ड की आवश्यकता होने के कारण कंपनी अपने वेअरहाउस में रखे प्रीमियम स्टॉक को अब सेल सस्ती बिक्री करने को मजबूर है.
3. हमारी कंपनी के द्वारा न पहले कभी सेल लगायी गयी है, न इसके बाद लगायी जाएगी.

साड़ियां, कुर्ती और अम्ब्रेला सूट 50/- से 450/-

VENUE:
श्री जगन्नाथ मंगलम
आनंद होटल के बाजू, पुराना बस स्टैण्ड रोड, बिलासपुर

कृपया ध्यान दें यह बिक्री केवल 3 दिनों के लिए रखी गई है : शुक्रवार, शनिवार और रविवार

sumit

**खबर संक्षेप**

## डॉ. बाजपेयी को हेमचंद यादव दुर्ग यूनिवर्सिटी ने दी पीएचडी



**बिलासपुर।** हेमचंद यादव दुर्ग यूनिवर्सिटी ने डॉ. अनुज बाजपेयी को 'फूड ट्रक बिज़नेस' पर शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने यह उपाधि अपने गहन शोध 'फूड ट्रक बिज़नेस' पर के लिए प्राप्त की है। जिसमें शोध निर्देशक के रूप में डॉ. धर्मेंद्र सिंह एवं सह-शोध निर्देशक के रूप में डॉ. हरजिंदर पाल सिंह सलूजा रहे। उनका यह शोध वाणिज्य जगत में एक अभिनव और प्रासंगिक विषय पर केंद्रित है, जो आधुनिक व्यापारिक परिदृश्य की गहरी समझ को दर्शाता है। उनकी उत्कृष्टता का प्रमाण उनके शोध कार्यों में भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। उन्होंने कई प्रतिष्ठित शोध पत्रों को स्कोपस, वेब ऑफ साइंस और यूजीसी केयर सूचीबद्ध जर्नल्स में प्रकाशित करवाया है, जो उनके शोध की उच्च गुणवत्ता और प्रामाणिकता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, उनके नाम से कई पुस्तकों में अध्याय और एक पेटेंट भी पंजीकृत है।

## वी क्लब के शिविर में 17 ने किया रक्तदान



**बिलासपुर।** एसोसियेशन ऑफ़ वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया बिलासपुर गोल्ड द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अध्यक्ष वी प्रियंका जैन एव उनके पति प्रशांत जैन के अलावा क्लब के सदस्यों मित्रों और सहयोगियों ने रक्तदान किया। 17 लोगो ने बाला जी चैरिटेबल ब्लड सेंटर में रक्तदान किया। इस अवसर पर रीता बरसैया, सोनाली तिवारी, नीरज अग्रवाल, जगदीश सलूजा, सुनीता ठाकुर, मानसी अग्रवाल, संगीता बरसैया, बिन्नी गंभीर, चुन्नी मौर्य, सुहैल, कादिर, बंसीलाल, बंटी, प्रमोद एवं जगदेव मौजूद थे।

## लायंस क्लब स्माइल ने कन्या शाला में लगाया चिकित्सा शिविर



**बिलासपुर।** सामाजिक संस्था लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में क्लब प्रोजेक्ट स्वास्थ्य एवं डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट विजन के तहत 7 अगस्त को संकल्प नेत्र चिकित्सालय के डॉ संदीप तिवारी के नेतृत्व में जूना बिलासपुर शासकीय पूर्व माध्यमिक पुत्री शाला में निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें जिसमें करीब 50 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस शिविर में बच्चों के अभिभावक भी शामिल हुए। इस तरह 80 लोग लाभान्वित हुए। इसमें शाला प्राचार्य सीमा चतुर्वेदी, जया कुशवाहा, छत्रपाल वर्मा ने सहयोग दिया। संकल्प नेतृत्व चिकित्सालय से संतोष विश्वकर्मा , आदर्श जैकब की टीम ने बच्चों का परीक्षण किया। क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉ सुरभि राजगीर, दीप्ति साहू, फाउंडेशन की सचिव संगीता लांजेवर, गीता प्रजापति उपस्थिति रही। लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा पुत्री शाला की आवश्यकता को देखते हुए शाला को क्लब एवं फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया। बच्चों ने तिलक अक्षत से सभी का स्वागत किया। पर्यावरण का संदेश देते हुए शानदार गीत प्रस्तुत किए।

## महर्षि विद्या मंदिर मंगला में रुद्राभिषेक, किया पाठ



**बिलासपुर।** समाज की सामूहिक चेतना में सकारात्मकता स्थापित करने के पावन उद्देश्य से महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के तत्वावधान में महर्षि विद्या मंदिर मंगला में आज रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य रीना सिंह के कर कमल से रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य रीना ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में हर शनिवार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाता है। जिससे समाज में सकारात्मक सोच उत्पन्न हो एवं विद्यार्थियों में संस्कार डाले जा सके।

**गिद्धों की प्रजातियों को संरक्षित करने की पहल**

**अचानकमार रिजर्व में प्रबंधन कर रहा है गिद्धों के संरक्षण व संवर्धन पर कार्य**

# 100 किलोमीटर एरिया में 490 से अधिक गिद्ध, इनमें विदेशी भी

**बिलासपुर।** विलुप्त हो रही गिद्धों की प्रजातियों को संरक्षित करने के लिए शासन पहल कर रही है। इसके तहत अब अचानकमार टाइगर रिजर्व के औरापानी सहित करीब 100 किलोमीटर के एरिया में मौजूद 490 से अधिक गिद्ध हैं, जिसमें इंडियन के साथ विदेशी गिद्ध भी शामिल हैं। इन सभी गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन पर एटीआर प्रबंधन ने कार्य करना शुरु कर दिया है।

गिद्धों के व्यवहार और रहवास के संबंध में स्पष्ट और प्रमाणित जानकारी प्राप्त करने के लिए पहली बार गिद्धों को जीपीएस टैगिंग करने की अनूठी पहल शुरु की गई है। एटीआर प्रबंधन के अनुसार देश में पाई जाने वाली गिद्धों की 9 प्रजातियों में से तीन प्रजातियों पर संकट मंडरा रहा है। इन 9 प्रजातियों में से 7 प्रजातियां हिमालयन ग्रिफॉन, यूरोशियन ग्रिफॉन, सिनरस



जैसी प्रवासी प्रजातियां व लंबी चोंच वाले गिद्ध, सफेद पूंछ वाला राज गिद्ध और इजीप्शियन गिद्ध जैसे प्रवासी प्रजातियां वर्तमान में पाई जाती हैं। सफेद पूंछ वाला गिद्ध जिप्स बेंगालेंसिस, भारतीय गिद्ध जी इंडिकस और पतली चोंच वाले गिद्ध जी टेन्यूरोस्ट्रिस की आबादी में 1990 के दशक के मध्यम तेजी से गिरावट आई है। इसी तरह अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी दो प्रजातियों लांग बिल्ड वल्चर और इंडियन वल्चर के 100 से अधिक गिद्ध हैं, जो एटीआर के औरापानी और 100 किलोमीटर एरिया में विचरण करते रहते हैं।

इन दोनों प्रजातियों के गिद्धों पर एटीआर के कर्मचारी लगातार निगरानी रखते हैं, लेकिन कभी-कभी गिद्ध इधर-उधर भटककर भी चले जाते हैं। इसकी वजह से उन्हें खोजबीन करने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने गिद्धों को जीपीएस सिस्टम टैग लगाने का निर्णय लिया है।

### औरापानी में 7 प्रजाति के 490 से अधिक गिद्ध

वर्तमान में अचानकमार टाइगर रिजर्व के लोरमी बफर के औरापानी सहित क्षेत्र के 100 किलोमीटर के दायरे में 7 प्रजातियों के करीब 490 से अधिक गिद्धों की संख्या है। प्रदेश में एटीआर पहला गिद्ध के संरक्षण और संवर्धन का क्षेत्र है, जहां इसके स्थापना हेतु प्रोजेक्ट का संचालन किया गया है। इसके अलावा गिद्धों की मानिटरिंग के लिए स्थानीय ग्रामीणों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### विदेश से आएगा टैग

प्रबंधन के अनुसार वर्तमान में फारेस्ट कंजर्वेशन पर प्रोजेक्ट एटीआर में चल रहा है। इसके तहत गिद्ध को प्लेटफार्म टर्मिनल के लिए टैग से ट्रैकिंग करने के लिए जीपीएस सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया है, जिसे विदेश से मंगाया जाएगा। इसके लिए गोव्हर्मेंट आफ इंडिया से अनुमति लेनी पड़ती है, जिसमें एटीआर प्रबंधन को एनओसी प्राप्त हो गई है। अब केवल गोव्हर्मेंट आफ इंडिया की संस्थान डीजीएफटी की अनुमति लेनी बाकी है।

### सभी प्रमुख विभागों से चर्चा

प्रदेश स्तर पर एटीआर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि यहां औरापानी जैसे क्षेत्र में गिद्धों के संरक्षण क्षेत्र स्थापना हेतु प्रोजेक्ट का संचालन किया गया है। गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उन्हें टैग लगाने का काम होगा। एटीआर के अलावा इंद्रावती, गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व के अतिरिक्त जिस जिस स्थान पर गिद्ध पाए जाते हैं वहां सभी स्थानों पर गिद्धों के संरक्षण व संवर्धन का कार्य किया जाना है। इसके लिए सभी प्रमुख विभागों के साथ चर्चा भी हो गई है।

**-यूआर गणेश,** डिप्टी डायरेक्ट, एटीआर

**डाकघर में दूर नहीं हुई नेटवर्क की परेशानी**

# नेटवर्क ने भाइयों की कलाइयों से दूर की राखी, पोस्ट आफिस में लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




शहर के मुख्य डाकघर में अब तक नेटवर्क की परेशानी दूर नहीं हो सकी है, जिसके कारण लोगों को अभी भी काउंटर में सड़क तक लंबी कतार में लगने के बाद खिड़की तक पहुंचने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। सैकड़ों बहनों की राखियां भाइयों तक नहीं पहुंच पाई हैं।

कई लोग स्पीड पोस्ट के अलावा अन्य पोस्ट व सूचनाएं डाकघर के माध्यम से करने के लिए बिलासपुर के मुख्य डाकघर में पहुंचते हैं। डाक विभाग में उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास भी बना रहे। इसके विपरीत कार्य मुख्य डाक घर में किया जा रहा है। दो दिन बाद 9 अगस्त शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व है। मुख्य डाकघर में स्पीड पोस्ट और राखी भेजने के लिए महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में सुबह से ही पहुंचने लगे हैं। डाकघर में दो काउंटर स्पीड पोस्ट और अन्य कार्यों के लिए ओपन किए गए हैं। यहां सुबह से पहुंचने वाले लोगों को घंटो अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह से डाकघर जाने वाले लोगों को काउंटर की खिड़की तक पहुंचने में शाम हो जा रही है। वहीं बीच में लंच के कारण भी लोगों को मजबूरी में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। एक-एक स्पीड पोस्ट व अन्य पोस्ट करने के लिए काउंटर पर बैठे कर्मचारी को करीब पांच से सात मिनट का समय लगता है। इसके कारण दोनों काउंटर पर लगने वाली लंबी कतार सड़क तक पहुंच जाती है। काउंटर की कमी के कारण प्रतिदिन लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसके बावजूद विभाग उन्हें कोई सुविधाएं नहीं दे पा रहा है। डाक विभाग ने लंबी कतार लगने का कारण साफ्टवेयर अपडेट को बताया था। वर्तमान में मुख्य डाकघर के अधीक्षक अभिषेक विनय का कहना है कि अपग्रेडेशन का कार्य कम्पलीट हो चगका है। डिलवरी व अन्य कोई कार्य पेंडिंग नहीं है। एक साथ अपग्रेडेशन कार्य होने से नेटवर्क में इश्यू हो रहा है। इसके बाद भी कर्मचारी रात तक काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को किसी तरह की समस्या न हो।

# आर्किटेक्ट संघ टाइटल का दुरुपयोग नहीं करेगा बर्दाश्त

**बिलासपुर।** आर्किटेक्ट संघ बिलासपुर ने कहा है कि आर्किटेक्ट टाइटल का दुरुपयोग अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आर्किटेक्ट ऑफ आर्किटेक्ट्स आईआईए बिलासपुर सेंटर ने नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नक्शा पास से संबंधित हालिया प्रकरणों में आर्किटेक्ट उपाधि के दुरुपयोग को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

- **आर्किटेक्ट उपाधि के उपयोग पर जताई चिंता**

इस मामले को लेकर गुरुवार को आर्किटेक्ट संघ की ओर बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस की गई, जिसमें संघ की अध्यक्ष श्रीमती नीना असीम ने कहा कि आर्किटेक्ट एक्ट 1972 जो भारतीय संसद द्वारा पारित एक विधिक अधिनियम है, इसके प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षों से यह देखा जा रहा है कि कई भवन निर्माण परामर्शदाता अपने नाम या फर्म के आगे आर्किटेक्ट उपाधि का उपयोग करते हैं, चाहे वो आफिस साइन बोर्डस हो, नाम पट्टिका, विज्ञापन, लेटरहेड्स या नक्शे में जबकि वे कौंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से पंजीकृत नहीं है। उनका कहना है कि संविधान के अंतर्गत स्थापित कौंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से रजिस्ट्रेशन के बिना कोई भी व्यक्ति या फर्म आर्किटेक्ट टाइटल का प्रयोग नहीं कर सकती। यह कानूनन दंडनीय अपराध है। कौंसिल को इसकी विधिवत शिकायत और रिपोर्टिंग का अधिकार आईआईए जैसे आर्किटेक्ट संघों के अधिकृत पदाधिकारियों को प्राप्त है। दोषी पाए जाने पर टाइटल के दुरुपयोग पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई एवं सजा का प्रावधान है। आईआईए सेंटर बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती नीना असीम ने सभी ऐसे भवन निर्माण परामर्शदाता व्यक्तियों और फर्मों को स्पष्ट चेतावनी दी कि पूर्व में जो हो चुका सो हो चुका, लेकिन अब यह प्रैक्टिस तत्काल बंद करें। अब और गुमराह नहीं करने दिया जाएगा। जिन व्यक्तियों या फर्मो का कौंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से पंजीकरण नहीं है वे आर्किटेक्ट उपाधि का उपयोग नहीं कर सकते हैं। वे अपने सभी साइन बोर्ड, सोशल मीडिया एकाउंट्स, लेटरहेड, विज्ञापन सामग्री आदि से आर्किटेक्ट टाइटल तुरंत हटा लें अन्यथा उनके विरूद्ध विधिसम्मत शिकायत कौंसिल को भेजी जाएगी और कार्रवाई तय है। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2017 के ऐतिहासिक निर्णय के अनुसार कौंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से पंजीकृत आर्किटेक्टस को देश के किसी भी राज्य या नगर निकाय में कार्य करने के लिए किसी प्रकार के स्थानीय पंजीयन या लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने नक्शों पर कौंसिल से प्रदत्त पंजीकरण क्रमांक अंकित करना होता है जो कि पर्याप्त है।



पत्रकारों से चर्चा करते आर्किटेक्ट संघ के सदस्य।

इस निर्णय के आलोक में आईआईए ने निर्णय लिया है कि संस्था का कोई भी सदस्य नगर निगम या किसी अन्य स्थानीय निकाय में पृथक से पंजीयन नहीं कराएगा। इस संबंध में आर्किटेक्ट संघ पूर्व में निगम प्रशासन को अपना प्रतिवेदन भी सौंप चुका है तथा शीघ्र ही निगम अधिकारियों से मिलकर उन्हें पुनः इस निर्णय से अवगत कराएगा। संस्था ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की प्रति एवं कौंसिल से पंजीकृत आर्किटेक्ट की अधिकृत लिस्ट भी सौंपी है।

## तिरंगा यात्रा को जन आंदोलन बनाना होगा

**बिलासपुर।** जिला भाजपा मुख्यालय में तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को सफ़ल बनाने कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें मुख्यवक्ता छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने भाजपा कार्यकर्ताओं बताया कि इस वर्ष की तिरंगा यात्रा को जन जागरण और जन आंदोलन बनाने के लिहाज से जुट जाए। श्री सिंहदेव ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय और मंडलों में तिरंगा यात्रा के रूप में रैली निकलेंगे और शक्ति केंद्र से लेकर हर भूत में घर-घर तिरंगा फहराया इसकी व्यवस्था करेंगे। जिला ग्रामीण प्रभारी ज्योति नंद दुबे, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और रायपुर ग्रामीण विधायक और बिलासपुर जिला प्रभारी मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, यश मनहर, कृष्णकुमार कौशिक ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे, महापौर पूजा विधानी, कार्यक्रम के संयोजक हर्षिता पांडे, जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, दीपक सिंह, रामदेव कुमावत, किशोर राय, गुलशन ऋषि, अरुण सिंह चौहान, यश मनहर, जनक राम देवांगन आदि मौजूद थे।

**एजुकेशन प्लस**

## सेंट जेवियर्स ने कैप्टन डॉ. प्राची को सम्मानित किया




**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल व्यापार विहार ने ऑपरेशन सिन्दूर में वीरता के लिए कैप्टन डॉ. प्राची शर्मा को सम्मानित किया है। इस अवसर पर प्राचार्य जे.एस. हुंडल ने कैप्टन डॉ. प्राची एवं उनके पिता अनिल शर्मा का स्वागत किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

प्राचार्य श्री हुंडल ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि बिलासपुर की बेटी कैप्टन डॉ. प्राची शर्मा ने ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सांबा सेक्टर में सेवाएँ दीं, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले जैसी चुनौतियां भी थीं। उन्होंने देश सेवा के महत्व, आराम त्यागने और राष्ट्रहित में अपनी क्षमताओं को पहचानने पर बल दिया। कैप्टन डॉ. प्राची शर्मा से छात्रों ने सैन्य प्रशिक्षण, अवसरों, आवेदन प्रक्रिया एवं एक मेडिकल ऑफिसर के रूप में उनके अनुभवों के बारे में प्रश्न पूछे। मौमिता घोष ने समापन की घोषणा की। इस अवसर पर उप-प्राचार्या रंजना बहादुर आदि मौजूद थीं।

## एरीना एनीमेशन के गितेश और विनीता का चयन





**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन बिलासपुर अकेडमी के दो पूर्व छात्र गितेश साहू और विनीता पांडेय का चयन सिडनी आस्ट्रेलिया में नेटफ्लिक्स में चयन किया गया है।

एरीना एनीमेशन के डायरेक्टर ने बताया कि वर्ष 2011 में गितेश साहू और विनीता पांडेय ने एरीना बिलासपुर से ए.ए.आई.पी. कोर्स पूर्ण कर अपनी रचनात्मक यात्रा की शुरुआत की। वहीं वहीं विनीता पांडेय ने मुंबई के एनवाई वीएफएक्सवाला (अजय देवगन फिल्म्स) में टेक्सचर लीड के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और बॉलीवुड की कई प्रमुख परियोजनाओं में योगदान दिया। संस्थान के निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में एरीना एनिमेशन के अंतर्गत एरीना लीडरशिप अवॉर्ड कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें देशभर के एरीना केन्द्रों के छात्रों को उनके नेतृत्व, समर्पण और रचनात्मक कार्यों के लिए सम्मानित किया जा रहा है। संस्थान में आगामी रक्षाबंधन और 15 अगस्त के पश्चात नए बैंच की शुरुआत की जा रही है। इन बैचों में एनीमेशन, दृश्य प्रभाव (वीएफएक्स), ग्राफिक डिज़ाइन, गेम डिज़ाइन, फैशन एवं इंटीरियर डिज़ाइनिंग, मल्टीमीडिया आदि विषयों में प्रवेश हेतु आवेदन की प्रक्रिया जारी है।

## अचीवर्स पब्लिक स्कूल ने मनाया अलंकरण समारोह



**बिलासपुर।** अचीवर्स पब्लिक स्कूल की दोनों शाखाओं में सत्र 2025-26 के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भरारी गवर्नमेंट स्कूल की प्राचार्या अर्चना तिवारी थीं। अन्य अतिथियों में एडिशनल एस. पी. ट्रैफिक पुलिस आर. जी. करियारे, एस.आई. उमाशंकर पाण्डेय, स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह चौहान, अचीवर्स पब्लिक स्कूल गतौरी व मंगला शाखा की प्राचार्या प्रीति सिंह चौहान एवं रचना शर्मा, उपप्राचार्या मिंकू मिश्रा, सुनीता दत्ता थीं। अतिथियों ने छात्र परिषद पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठ बनने की शपथ दिलाई। श्री करियारे ने बच्चों से कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना लाना तथा कर्तव्य व अनुशासन को समझना अति आवश्यक है। प्राचार्य प्रीति चौहान, रचना शर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन शिव राव एवं प्रतिभा बुरंगी ने किया। चयनित विद्यार्थियों में गतौरी शाखा से हेडगर्ल सेल्फिया खान और हेडबॉय अमल तिवारी का चयन किया गया। वही मंगला शाखा में हैडगर्ल अनन्या गुरुधवन तथा हेडबॉय लक्ष्य रातरे का चयन हुआ। अतिथियों ने सभी हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन को बैच लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शुभम दुबे व भूमिका वशिष्ट आदि मौजूद थे।




# साड़ी संसार में राखी व तीज पर्व पर स्पेशल कलेक्शन देखने उमड़ी भीड़



**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** श्रीराम न्यू क्लाथ मार्केट अग्रसेन चौक स्थित साड़ी संसार में राखी व तीज पर्व के लिए स्पेशल कलेक्शन है।

इसके डायरेक्टर राहुल भोजवानी ने बताया कि राखी व तीज पर्व को देखते हुए उनके यहां साड़ी व सलवार सूट, कुरती, क्रॉप टॉप, डिजाइनर साड़ी का स्पेशल कलेक्शन है। इसके अलावा वेडिंग लहंगा, वेडिंग साड़ी, इवनिंग गाउन भी विविध कलरों व उचित रेंज पर उपलब्ध है।बताया कि साड़ी संसार के 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तीन हजार की खरीदी करने पर एक कूपन दिया जाएगा। इसका हर 10-10 दिन में ड्रा निकाला जाएगा। जिनके नाम से ड्रा निकलने पर उन्हें इनाम दिया जाएगा। लकी ड्रा का पहला इनाम सोने की अंगूठी, दूसरा इनाम सोने का सिक्का, तीसरा इनाम चांदी की पायल, चौथा इनाम 5 ट्रॉली बैग्स एवं पांचवा इनाम 5 क्रॉकरी सेट रखा गया है। पहला लकी ड्रा 10 अगस्त को निकाला जाएगा।

## कालेज में समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी गर्ल्स कालेज बिलासपुर में छात्राओं के लिए बनाए गए हास्टल की जर्जर स्थिति एवं वर्षो से बंद पड़े रहने और पुनः संचालन की दिशा में प्रशासन की निष्क्रियता, लैब, लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तक, उपकरण तथा संसाधनों की कमी को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई द्वारा कालेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बताया कि कालेज का हास्टल वर्ष 2016 में निर्माण के बाद से 2018-19 तक संचालित हुआ। लेकिन कोरोनाकाल के बाद से अब तक पूर्णतः बंद है। इस दौरान कालेज में पढ़ने आने वाली छात्राओं की संख्या में वृद्धि हुई, विशेषकर ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को हास्टल सुविधा उपलब्ध नहीं है। कालेज में कैंटीन का संचालन भी बंद है और लाइब्रेरी में नई पुस्तकों का अभाव है। लैब में पर्याप्त उपकरणों के न होने से प्रायोगिक कक्षाओं में असुविधा होती है। हास्टल बंद होने से छात्राएं किराए के मकानों में अत्यधिक खर्च पर रहने को मजबूर हैं। आज ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, प्रदेश महासचिव विकास सिंह, प्रदेश सचिव लोकेश नायक, बेलतरा विधानसभा अध्यक्ष विक्की यादव, विपिन साहू, कपिलदेव खांडेकर आदि एनएसयूआई से जुड़े छात्र शामिल थे।



बिलासपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



मोटिवेशन

## करियर के लिए माता-पिता की सलाह को महत्व दें




**बिलासपुर।** भारतीय जैन संघठना द्वारा कॅरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस का आयोजन सरकंडा स्थित संत भवन में किया गया था। परम पूज्य आर्यिका 105 अनर्घमति माताजी के सानिध्य एवं आशीर्वाद में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर पंचायत मुंगेली भूमिका देसाई और करियर काउंसलर एवं सोशल वर्कर आंचल जैन उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई,अतिथियों का स्वागत की कड़ी में जैन उपस्थित गणों में समाज के संरक्षक विनोद जैन, संरक्षक सनत जैन, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष जयकुमार जैन, रजनीश जैन, जैन श्वेतांबर श्री संघ के विमल चोपड़ा का स्वागत भारतीय जैन संघठना की तरफ से संजय छाजेड़, अंशुल जैन, अमरेश जैन, पराग जैन ने की। मुंगेली से पधारी भूमिका देसाई एवं आंचल जैन का स्वागत भारतीय जैन संघठना की महिला शाखा अध्यक्ष सुनीता जैन एवं अनीता जैन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रश्मि जैन ने किया। कॅरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग में डिप्टी डायरेक्टर पंचायत भूमिका देसाई ने बच्चों के साथ बात करते हुए उन्हें समझाया और अपनी उनके जीवन में होने वाली दिक्कतों के बारे में बताते हुए कहा कि दसवीं कक्षा के बाद हम बहुत ही कंफ्यूज हो जाते हैं कि हमें आगे कौन सा विषय चुना है जिससे हम अपना भविष्य बना सके। भूमिका ने बच्चों को समझाया कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कई चुनौतियों का सामना किया और कभी-कभी असफल भी हुए, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने टारगेट पर ध्यान केंद्रित रखा।

- आंचल ने करियर बनाने लक्ष्यों को
- निर्धारित करने दी सलाह

धर्मक्षेत्र

## भागवत कथा सुनने से राजा परीक्षित को प्राप्त हुआ मोक्ष



**बिलासपुर।** स्व. प्रभा देवी मिश्रा की स्मृति में मुंगेली नाका स्थित डॉ अतुल मिश्रा के निवास स्थान में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसमें कथा व्यास पं. विनय मिश्रा सीपत-बाल्को ने गुरुवार को परीक्षित मोक्ष की कथा पर प्रकाश डाला और बताया कि राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने दत्तात्रेय प्रसंग के बारे में भी बताया। अंत में चढ़ोतरी हुई।

कथावाचक पं. मिश्रा ने बताया कि एक बार परीक्षित महाराज वन में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, तो समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और ऋषिवर से पानी देने कहा लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है। उसने पास में एक मरे सर्प को उठा कर समीक ऋषि के गले में डाल दिया। इसकी जानकारी समीक ऋषि के पुत्र को होने पर नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित है और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी तुम्हें जलाकर नष्ट कर देगा। यह सुनकर परीक्षित महाराज दुखी नहीं हुए और अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े बड़े ऋषि, मुनि देवता और अंत में व्यास नंदन शुकदेव पहुंचे। शुकदेव इस संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए थे। शुकदेव द्वारा परीक्षित महराज को भागवत कथा सुनाने पर उन्हे मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। कथा को सफल बनाने में डॉ. विनय मिश्रा, अखिल मिश्रा, डॉ. अतुल मिश्रा सहित मिश्रा परिवार का सहयोग मिल रहा है।

- मुंगेली नाका में चल रही स्व. प्रभा देवी
- स्मृति भागवत कथा

स्पोर्ट्स

## सभी खेलों को स्टेडियम में स्थापित करने की जरूरत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के द्वारा चौथी राज्य स्तरीय जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन बहतराई एथलेटिक स्टेडियम में किया गया, यह प्रतियोगिता महान नीरज चोपड़ा के टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल पाने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है,इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि विधायक विधायक सुशांत शुक्ला रहे, कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील मिश्रा ने उद्घाटन किया गया। विधायक ने कहा कि एथलेटिक्स खेल के प्रगति के लिए हर संभव प्रयास उनके द्वारा किया जाएगा, ओलंपिक में खेले जाने वाले सभी खेलों को स्टेडियम में स्थापित करने संयुक्त प्रयास करने की जरूरत है ताकि बिलासपुर में खेल का वातावरण निर्मित हो सके। इस प्रतियोगिता में 23 जिलों के 190 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें 40 महिला खिलाड़ी एवं 150 छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता बालक- बालिका के 6 वर्गों अंडर 14,16,18,20,23, और सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन से संपन्न हुआ। अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रोहन पटेल,द्वितीय ओंकार और तीसरे स्थान पर लकी कुमार रहें। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रवीना,द्वितीय दंतेश्वरी और तृतीय स्थान पर चंद्ररेखा रही।



# तीन दिवसीय रक्षा बंधन विधान में घट यात्रा एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम



*बिलासपुर। चातुर्मास पर सरकंडा जैन मंदिर में परम पूज्य आर्यिका श्री 105 अनर्घमति माता के सान्निध्य में धर्म लाभ के कई अवसर मिल रहे हैं। तीन दिवसीय रक्षा बंधन विधान में गुरुवार को घट यात्रा एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुवा। सरकंडा महिला मंडल की अध्यक्ष अमिता गोयल ने बताया कि तीन दिवसीय रक्षा बंधन विधान में गुरुवार को प्रातः 6 बजे घट यात्रा प्रारंभ हुई। महिलाओं ने सिर पर कलश रख यात्रा में शामिल हुई, ध्वजा को हेमन्त मालती जैन परिवार ने फहराया, घट यात्रा में नलिनी जैन, सविता जैन, प्रीति जैन,आशा दोषी, निशा जैन, साधना जैन, मनू जैन एवं महिला मंडल की महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर रजनीश जैन, के के जैन, प्रदीप जैन, राजेश जैन, हेमंत जैन, चंद्रभान जैन, रजत जैन, मनोज जैन, दिनेश जैन, आर एस जैन, जे के जैन, मनोज जैन पुजारी उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी अमरेश जैन ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर माताजी ससंघ के पावन सान्निध्य एवं पंडित पारस भैया इंदौर के निर्देशन में शनिवार तक तीन दिवसीय रक्षाबंधन विधान आयोजित किया जा रहा है। माताजी ने सकल समाज को इस विधान का हिस्सा बनने अपील की है।*

## रक्षाबंधन : कैदी अपनी बहनों को उपहार में देंगे 1-1 पौधे

रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर केन्द्रीय जेल बिलासपुर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इस दिन बहनें जेल में बंद विचाराधीन व सजायाफ्ता कैदी भाइयों को राखी बांधेगी। वहीं बंदी अपनी बहनों को उपहार के रूप में एक-एक पौधे देंगे। इसके लिए वन विभाग से दो हजार पौधे मंगाए गए हैं। भाई द्वारा दिए यह उपहार उनके लिए बहुत ही खास होगा और वे लोग उसका रोपण कर उसकी देखभाल करेंगी। यह पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर साबित होगा।जेल अधीक्षक खोमेश मण्डावी ने बताया कि इस समय जेल में पुरूष बंदियों की संख्या तीन हजार के करीब है। इसे देखते हुए राखी पर्व के दिन 6 हजार बहनों की आने की संभावना है। बहनों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है, इसलिए इनके लिए जेल परिसर में पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जेल के अंदर व बाहर चिकित्सकों की टीम द्वारा चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। निगम से टैंकर व स्व-चालित शौचालय की भी मांग की गई है। जेल परिसर के अंदर पण्डालों की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से डीएसपी सहित सिपाही तैनात किए जाएंगे। जेल स्टाफ भी मौजूद रहेंगे। अतिरिक्त जवान, पुलिस व होमगार्ड की भी मांग की गई है। आयोजन को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने जेल मुख्यालय के आदेशानुसार पूरी व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, वन विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभागों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है।




### दिया जाएगा 10-10 मिनट का समय

जेल अधीक्षक ने बताया कि बहनों को अपने भाइयों को राखी बांधने 10-10 मिनट का समय दिया जाएगा। वहीं घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल सहित अन्य कीमती सामान ले जाने में पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। जेल में तीन जगह जांच के बाद ही बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांध सकेंगी और अपने साथ राखी व 2 सौ ग्राम की सूखी सोनपापड़ी ले जा सकेंगी।

### पूरे संभाग से पहुंचेंगी बहनें

जेल में बंद कैदी भाइयों को राखी बांधने जिले सहित पूरे संभाग से बहनें आएंगी। ऐसे तो बाकी समय में बहनें आ नहीं पाती हैं, इसलिए रक्षाबंधन पर्व का उन्हें खास इंतजार रहता है। यह वो समय रहता है जिसमें बहनें राखी बांधने के साथ ही निकट से अपने भाइयों से मिल पाती हैं। यह पल उनके लिए बहुत ही खास रहता है।

## बचपन अचीवर्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बांधी राखी

भाई- बहन के अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन मनाया जा रहा है, आज के जनरेशन इस रिश्ते के महत्व को बताने और यह संस्कार उन तक पहुंचाने के प्रयास से स्कूल प्रबंधन द्वारा पर्व मनाया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन हर दिन शहर के विभिन्न शासकीय व निजी संस्थानों में जाकर नन्हें बच्चों द्वारा रक्षासूत्र बांधा जा रहा है।

इसी क्रम में गुरूवार को रिंग रोड स्थित हरिभूमि कार्यालय में बचपन अचीवर्स पब्लिक स्कूल के नन्हें बच्चों ने स्टॉफ को राखी बांधी गई। प्राचार्य गतौरी प्रीति चौहान ने बताया कि यह एक पवित्र त्योहार है, जो भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा को बरकरार रखता है। राखी का त्योहार पूरे समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है। उप प्राचार्य मिंकू मिश्रा ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व से भाई-बहनों के रिश्ते को मजबूत बनाता है। इस मौके पर बच्चे शानवी उपाध्याय, शिवन्या, अनिका राठौर,आकृति यादव,आस्था सिंह, अति श्री अग्रवाल, प्रियंशी,दित्या पांडेय,आकृति अनुरागिनी, वृषा कुमावत, नव्या दिग्रश्कर,निषिका सांलुके,महाप्रबंधक प्रियंक परिहार,सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी,शिक्षिका मोक्षदा वर्मा, जयंती यादव मौजूद थे।



### बच्चों को रिश्ते-नाते से रूबरू कराना

मंगला शाखा की प्राचार्य रचना शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उदेश्य छोटे बच्चों को भाई-बहनों के रिश्ते से रूबरू कराना। इन्होंने कहा कि डिजीटली युग में बच्चे इन रिश्तों के महत्व को भी करीब से समझे। उप प्राचार्य सुनीति दत्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नई सोच का निर्माण करते हैं।

# सावन उत्सव में संस्कृति का अद्भुत संगम




**बिलासपुर।** महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक रंगों से सजा सावन उत्सव इस वर्ष भी सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। श्री शिवम और एड प्रयास के संयुक्त संयोजन से आयोजित इस कार्यक्रम का ग्रैंड फिनाले भव्यता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें शहर की सात महिला मंडलियों ने भाग लेकर अपनी कला, आत्मविश्वास और ऊर्जा का प्रदर्शन किया।

करीब 15 दिनों तक चले इस आयोजन में महिलाओं ने नृत्य, गायन, कविता जैसे विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसे नगर की महापौर पूजा विधान और शिव मेडिसिटी हॉस्पिटल की डायरेक्टर नमृता सिंह ने अपने कर-कमलों से संपन्न किया। मंच संचालन ईशान क्षत्रिय ने प्रभावशाली शैली में किया, गणेश वंदना के साथ पूरे कार्यक्रम की शुरुआत हुई। एक के बाद एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला मित्र मंडल, नेहरू नगर की ज्योत्सना मिश्रा ने नृत्य और शुभांगी प्रीती गुप्ता ने "टिप टिप बरसा पानी" गाकर वाहवाही लूटी। शश्री नारायणी ग्रुप की काजल तोलानी और अंकिता मोहबिया ने बरसो रे मेघा" और फलक तक" पर नृत्य किया, वहीं भवानी मोहंता ने "सजना है मुझे" गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय ब्राह्मण संघ की संजना ने अपनी लिखी हुई कविता से सभी को भावुक कर दिया और प्रगति पांडे व पूर्णिमा मिश्रा ने नृत्य से मंच पर रंग भर दिए। इस अवसर पर नगर की महापौर पूजा विधान ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी मिशन में इस समय देशभर में दूसरे स्थान पर है, और यदि महिलाएं जैसे अपने घर को स्वच्छ रखती हैं, वैसे ही अपने शहर को भी साफ-सुथरा रखें तो बिलासपुर को पहला स्थान दिलाया जा सकता है। सावन उत्सव में टीम लीडर श्री नारायणी ग्रुप से रूपा सिंह, ब्राह्मण महिला मंडल से अर्चना तिवारी, ताम्रकर महिला मंडल से अनीता ताम्रकार,मित्र मण्डल नेहरू नगर से सुभांगी प्रीति गुप्ता, लायंस क्लब, झिलमिल तितलिया ग्रुप से वर्षा तिवारी शामिल हुई।

### गीत-नृत्य की प्रस्तुति

लायंस क्लब की शिवांगी शुक्ला ने नृत्य, कविता भट्ट और प्रियंका ने गायन से समां बांधा। ताम्रकार महिला मंडल से प्रियंका ताम्रकार ने "जब कोई बात बिगड़ जाए" गीत प्रस्तुत किया और सुमन ने "छम छम" के रीमिक्स पर नृत्य किया। झिलमिलाती ग्रुप की वर्षा तिवारी ने गजरा के रीमिक्स पर नृत्य प्रस्तुति दी। प्रतियोगियों में पहला पुरस्कार संजना मिश्रा को स्वचरित सुन्दर कविता के लिए दिया गया, गीत गायन के लिए दूसरा पुरुस्कार शुभांगी प्रीती मिश्रा को दिया गया एवं नृत्य में पहला अंकिता मोहबिया और दूसरा पुरुस्कार काजल तोलानी ने अपने नाम किया। रैंप वाक में रवीना दुबे और आरती रॉय को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

## निलयम पुलिस कॉलोनी की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



निलयम पुलिस कॉलोनी तिफरा की महिलाओं द्वारा सावन उत्सव एवं फ्रेंडशिप डे का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलोनी की महिलाओं ने पारंपरिक श्रृंगार एवं मनोरंजक कार्यक्रम में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मित्रता दिवस के पावन अवसर पर महिलाओं ने एक दूसरे को फ्रेंडशिप बेल्ट पहनाकर मित्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता सोनी, पायल, रत्ना मरावी, देवकी, प्रतिभा शर्मा, पूनम, गंगोत्री, ममता साहू, डॉ नीलिमा, संध्या, सीमा ,पूर्णिमा, सोना, रीना ,शशि ,संध्या, शकुन, कंचन सभी ने योगदान दिया।

## मनोरंजक खेल के साथ गाए गीत



श्रीसूर्या पुष्पा फाउंडेशन ने आमना राजगीर और संगीता तिवारी के सानिध्य में सावन तीज महोत्सव मनाया। इस दौरान कई मनोरंजक गेम खेले गए। गाना गाए गए। डांस पेश किया गया। सभी सदस्यों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि शकुंतला वैष्णव ने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिया और प्रथम स्थान पर रहीं प्रतिभागी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन गीत-अरपा पैरी के धार..की प्रस्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रमेश वैष्णव, धर्मेश बंजारे, अभय दुबे, टिकेश्वर साव, मेहा गढ़ेवाल, चंद्रकांता राजगीर, संगीता तिवारी, लता, सरला तिवारी का सहयोग रहा।

# डीपीएस अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी में गंगा सदन प्रथम, ब्रह्मपुत्र सदन द्वितीय




*बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत 'अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' आयोजित की गई रिचा मेहरोत्रा और मोनिका चतुर्वेदी के अद्भुत प्रश्नोत्तर शैली से चारों सदनों के प्रतिभागी विद्यार्थी अपने सामान्य ज्ञान के आधार समुद्र में गोते और अटकलें लगाते रहे। ग्रुप ई से प्रथम गंगा सदन, द्वितीय ब्रह्मपुत्र सदन और तृतीय कावेरी सदन पर रहा और नर्मदा सदन को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंक तालिका संयोजक मनोज मिश्रा और सुषमा मोहंती रही, समय नियंत्रक नमन मोदी रहे कार्यक्रम संयोजक सुरेखा तिवारी रहीं। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों के प्रशंसा करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और सामान्य ज्ञान को जीवन में आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। इस अवसर पर विद्यार्थी गण और समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।*



## खबर संक्षेप

### श्रावण महोत्सव का समापन कल

**करगीरोड कोटा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रावण महोत्सव का आयोजन 11 जुलाई से 9 अगस्त श्री शिव हनुमान मंदिर नाका चौक पर किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग का प्रतिदिन संध्या 6:45 बजे प्रदोष काल में रुद्राभिषेक किया जा रहा है। मुख्य पुजारी गोलू महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मंदिर प्राचीन है।



### शिवसेना की बैठक में गाय को राज्य माता का दर्जा देने की मांग



**दगोरी।** शिवसेना ग्राम इकाई की बैठक मावली माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉक प्रमुख राकेश राज, प्रभारी अशोक निषाद उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने एक जुटता के साथ गौ माता को राज्यमाता का दर्जा देने की मांग के साथ आगामी 15 अगस्त को भवानी चौक में झंडा रोहन तथा पौधरोपण करने सहित संगठन के मजबूत विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में दुर्गेश सेन, दूजराम यादव, किरण, संजू साहू, द्वारिका, पुष्पेश कौशिक, भूपेंद्र कौशिक, रामायण निषाद, परमेश्वर जयसवाल, विदेशी रजक, गुलाब देवदत्त, मनोज मेहर सहित बड़ी संख्या में शिव सैनिक उपस्थित थे।

### ससुर ने दामाद पर किया प्राण घातक हमला, गिरफ्तार

**तखतपुर।** पारिवारिक विवाद को लेकर ससुर ने दामाद पर तब्बल से प्राण घातक हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंआ निवासी किशोर रजक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पारिवारिक विवाद को लेकर उसके भाई कौशल रजक पर उसके ससुर मनोज रजक उर्फ बिहारी लाल रजक ने तब्बल से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ससुर मनोज रजक के खिलाफ धारा 296, 351,2 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



### घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बच्चों ने निकाली रैली



**लोरमी।** घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। बच्चों ने चित्रकारी के माध्यम से तिरंगा उकेर कर घर-घर अभियान को सफल बनाने रैली निकाली। इस दौरान तिरंगा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतियोगिता विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक कृष्णकुमार सोनी, लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, ललिता यादव, जलेश्वरी निषाद आदि उपस्थित थे।

### संगठन को मजबूत बनाने कांग्रेस ने किया मंडल का विस्तार



**लोरमी।** ग्राम देवरहट-औराबाँधा, लगरा, बाघमार में कांग्रेस की मंडल गठन कर विस्तार किया गया। संगठन की नई योजना लेकर कॉंग्रेस मंडल का सृजन कर रही है। जिसमें पूरे विधानसभा को 21 मंडल में बांटा गया है। संगठन जिला प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि कॉंग्रेस अंतिम इकाई बूथ तक पहुचें जिसके लिए संगठन का विस्तार और पुनर्निर्माण किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी प्रभारी संगठन एवं प्रदेश मंत्री पंकज शर्मा, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेस्वर साहू, आलोक सिंह, संजीत बनर्जी, नरेश पाटले, अरुण कुलमित्र, पूर्व नपा अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, जवाहर साहू, मध्यम पटेल, लाला साहू, अली कौशल, धनुष दीवान, शिवदयाल साहू, नक्छेद जायसवाल, सोहन वर्मा,पूर्व जप उपाध्यक्ष खुशबु वैष्णव, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, रानू कश्यप, कृष्णा सोनी, रामजी ध्रुव, पुरन लाल साहू, देवा मारको, दयाराम ध्रुव, सूरज कोल, चंद्र ध्रुव, संदीप मरावी, विद्यानंद चंद्राकार, साधना कश्यप, अशोक सोनवानी, भुवनेश्वर ध्रुव, दीना कश्यप, मनीष साहू, उमेश साहू, प्रशांत कश्यप, नोहर चतुर्वेदी, योगेश्वर ध्रुव, अभिलाष जायसवाल, हेमंत मानिकपुरी आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## निधन

### संतोष कुमार पंजवानी

**बिलासपु।** स्मार्ट रोड संजीवनी हॉस्पिटल के सामने रहने वाले संतोष कुमार पंजवानी का 6 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी में किया गया। वे स्वः खानचंद पंजवानी सुपुत्र एवं स्वः बंसीलाल पंजवानी के चचेरे भाई थे।



## कलेक्टर ने घुमंतू मवेशियों के प्रबंधन के संबंध में ली बैठक

# पशु केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार

**मवेशियों की देखभाल के लिए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाए**

जिले में घुमंतू मवेशियों की बढ़ती समस्याओं और उनके समुचित प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है और लगातार इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पशुप्रबंधन की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेने के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बिल्हा ब्लॉक के अधिकारियों, सरपंचों, सचिव और कोटवारों के साथ ब्लॉक स्तरीय बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, बिल्हा एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी और पशुधन विकास विभाग के संयुक्त संचालक जीएस तंवर भी मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्ग एवं सड़कों पर घूमते मवेशियों के प्रबंधन के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि मवेशियों की देखभाल के लिए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि पशु केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। अगर हम इनका सही प्रबंधन करें, तो यह क्षेत्र आत्मनिर्भरता की दिशा में और तेज़ी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम गांव के स्तर पर ही आपस में मिलकर ऐसी व्यस्था करें कि हमारे पशु सड़क पर न आएं। सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने भी मवेशियों के प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश दिए।




बैठक में शामिल कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

**जल संरक्षण पर चर्चा**

बैठक में जल संरक्षण पर भी विचार किया गया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल संरक्षण के लिए लगातार प्रयास करें। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए बिल्हा में 12 हजार से ज्यादा सोखता गड्ढे बनाए गए हैं। ब्लॉक में 65 हजार पौधे लगाए गए हैं

**सरपंचों ने साझा किए अनुभव**

बैठक में उपस्थित कई ग्राम सरपंचों ने पशुप्रबंधन को लेकर अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। पहले हम इन्हें 'पशु' नहीं, 'पशुधन' कहते थे। ये हमारे घर की ताकत हुआ करते थे। अब इन्हें बोझ की तरह देखा जा रहा है। जब तक गांव में पशुओं का सम्मान नहीं लौटेगा, तब तक समाधान अधूरा रहेगा। कलेक्टर ने सरपंचों के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत को अपने स्तर पर 'पशुप्रबंधन कार्य योजना' बनानी चाहिए।

## पेड़ पर लटकती मिली महिला की लाश, सनसनी



**लोरमी।** नवरंगपुर में एक विवाहिता की लाश बबूल के पेड़ से लटकती मिली, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डिंडौरी चौकी क्षेत्र के ग्राम नवरंगपुर निवासी पदम सिंह गोंड ने चौकी में रिपोर्ट लिखाई कि उसकी रिश्तेदार फूलबाई 48 वर्ष पति बलवंत गोड़ की लाश बोधी पटवारी के खेत से लगे बबूल के पेड़ पर लटकी हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतका सोमवार को दोपहर 12 बजे कथा सुनने घर से निकली थी, जो देर रात तक घर नही पहुंची। दुसरे दिन सुबह 9 बजे परिजन को सूचना मिली कि मृतका साड़ी के फंदे से फांसी पर लटकी हुई है। इस पर परिजन डिंडौरी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। मृतका की मौत किन कारणों से हुई, कैसे हुई, यह जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा व पीएम करा कर परिजनों को सौंपा दिया।

## अभिषेक का सेना में चयन विद्यालय में सम्मान समारोह

**सीपत।** बहुउद्देशीय उमा विद्यालय खम्हरिया के पूर्व छात्र अभिषेक सिंह मेरावी ने भारतीय सेना में सैनिक के रूप में चयनित होकर अपने परिवार के साथ समूचे विद्यालय व ग्राम का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सैनिक अभिषेक का पुष्पगुच्छ व शॉल से सम्मान कर उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अभिषेक सिंह ने कहा कि संस्कार, अनुशासन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। लक्ष्य तय कर यदि मन से प्रयास किया जाए, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती।इस भावुक क्षण में अभिषेक के पिता त्रिभुवन सिंह एवं दादा भागीरथी मरावी भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक अहमद मोमिन ने कहा कि अभिषेक की यह उपलब्धि हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है, वह शुरू से ही एक अनुशासित और मेहनती छात्र रहा है। हमें विश्वास है कि वह देश सेवा में अपना सर्वोत्तम देगा। विद्यालय के प्राचार्य बलराम यादव ने कहा कि हमारे छात्र की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी। निश्चित ही वह सेना में रहते हुए देश सेवा में अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्राचार्य नरेंद्र मरावी, प्रधानपाठक सुंदरलाल टेंगवर, प्रधानपाठिका शोभा केवट, शिक्षक कोमल प्रसाद पटेल, केके ठाकुर, केशव वस्त्रकार, शकुंतला ठाकुर, ईशा टेंगवर, गणेशिया मरावी, राजेश कुमार, सत्यनारायण कैवर्त, रत्ना टंडन, तेजस्वी पाटनवार, श्रिया यादव, हेमा ठाकुर, अल्का दुबे, नागेश्वरी केवर्त, शशिकला श्रीवास, सरिता ठाकुर, राजकुमारी गंधर्व, सुलोचना ठाकुर, सुजाता साहू सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## बीआरएसएम कॉलेज में व्यास पूजन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 7 अगस्त को व्यास पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, वेदों और गुरु शिष्य परंपरा के महत्व को समझाना और सम्मान देना था। कार्यक्रम में कॉलेज के अधिष्ठाता, शिक्षक, , छात्र-छात्राएं तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ जितेंद्र सिन्हा ने वेद व्यास के जीवन उनके ग्रंथों विशेषकर महाभारत, वेदों और पुराणों पर प्रकाश डाला। उन्होनें बताया कि वेद व्यास न केवल एक महान ऋषि थे, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार स्तंभ भी हैं। उन्होनें गुरु शिष्य परंपरा की विशेषता बताते हुए विद्यार्थियों को गुरु एवं विद्या के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन का संस्कृत प्रभारी डॉ मोनिका सिंघई ने किया, कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस प्रकार यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और श्रद्धा भी उत्पन्न हुई।



## नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय कला उत्सव



**मल्हार।** जवाहर नवोदय संकुल स्तरीय दो दिवसीय कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में संगीत शिक्षक साहिल ठाकुर, सांस्कृतिक कलाकार देवेन्द्र कुमार, नेहा पटेल, दृश्य कला के निर्णायक कला शिक्षक डॉ धुवा तिवारी, वरिष्ठ चित्रकार हुकुम लाल वर्मा, कला शिक्षक मोहन लाल बराल तथा उप प्राचार्य पीसी झा मौजूद रहे। प्राचार्य एमके श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह का आयोजन बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है, कला मनुष्य के अंदर सौंदर्य बोध का विकास कर उसे मानवीय एवं सामाजिक बनाने में अहम भूमिका निभाती है, जीवन में अनुशासन तथा सामंजस्य लाती है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित तथा नवोदय विद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कला एवं संगीत के 9 विधाओं में 22 नवोदय विद्यालय के 231 छात्र-छात्राओ ने भाग लिया। कला उत्सव का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पोषित एवं प्रस्तुत करना है। कला भावनाओं को व्यक्त करने और दूसरों के साथ जुड़ने का एक शक्तिशाली तरीका तो है ही, साथ ही यह रचानात्मकता के साथ यह विभिन्न संस्कृतियों को समझने और उनका सम्मान करने में मदद करती है। मंच का संचालन व्हीके द्विवेदी ने किया।

## छात्रों का किया स्वास्थ्य परीक्षण लगा जागरूकता शिविर

**बिलासपुर।** मदर्स प्राइड वर्ल्ड स्कूल चकरभाठा में शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय बिलासपुर के तत्वावधान में 4 से 6 अगस्त तक तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डॉ. अजय कुमार सिंह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विद्याभूषण पाण्डेय, रीडर, डॉ. अशर्फीलाल गुप्ता, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सीमा पाण्डेय, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सपना ताम्रकार, आयूष चिकित्सा अधिकारी, डॉ. श्वेता मार्को, योग चिकित्सक, डॉ. रश्मि श्रीवास, चिकित्सा अधिकारी, शिवानी गुप्ता ईटर्न, अंकुर श्रीवास्तव ईटर्न, श्रृजल ईटर्न, संदीप ईटर्न आदि ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आंवला, तेजपत्ता, लौंग, कदम, आम आदि औषधीय पौधों का छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने रोपण किया। अभिभावकों ने चिकित्सकों से सीधे संवाद कर उपयोगी परामर्श प्राप्त किया। समापन सत्र में संस्था के चेयरमैन सबीनो डिसूज़ा ने आभार व्यक्त किया।




### राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक में जोड़े गए नए सदस्य

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला शाखा मुंगेली की बैठक जिला कार्यालय के आगर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में नवीन अधिकारियों को सदस्यता अभियान के तहत संघ से जोड़ा गया। सर्वसम्मति से सेवानिवृत्ति एवं स्थानांतरण के कारण रिक्त पदों पर नए पदाधिकारी चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जिला कोषालय अधिकारी दुर्गेश सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करही के प्राचार्य जेएस ध्रुव, सचिव पद पर जिला खाद्य अधिकारी एचके डड़सेना और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग व व्यापार किशोर प्रभात सिंह और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदमपुर के प्राचार्य एसके वाद्यकार का चयन किया गया। बैठक में आगामी 22 अगस्त को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आव्हान पर सामूहिक अवकाश लेकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई।

## गर्ल्स स्कूल में मना पालक-शिक्षक सम्मेलन

**करगीरोड कोटा।** शासकीय कन्या उमा विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य आशा दत्ता के नेतृत्व व मार्गदर्शन में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुलेश पाण्डेय, पार्षद कान्हा संतोष गुप्ता, सदस्य मोहन कोरी एवं अभिभावकों सहित छात्राएं व शिक्षक शामिल हुए। प्राचार्य आशा दत्ता ने अतिथियों का स्वागत कर पालक शिक्षक सम्मेलन की आवश्यकता पर विचार रखे।

उन्होंने कहा कि विद्यालय एवं परिवार में सकारात्मक वातावरण निर्मित करके ही बच्चों को पढ़ने का सही अवसर उपलब्ध किया जा सकता है एवं उन्हें देश व समाज का एक अच्छा नागरिक बनाया जा सकता है। सुलेश पाण्डेय ने कहा कि अच्छी शिक्षा व बच्चों का सर्वांगीण विकास विद्यालय शिक्षक समाज व शासन के समन्वित प्रयास से ही सम्भव है। पार्षद कान्हा संतोष गुप्ता ने कार्यक्रम को सराहनीय बताते हुए पालकों को प्रेरित किया एवं विद्यालय के पुराने टाउन हॉल की टीन की छत को विधायक के माध्यम से पक्का बनाने हेतु आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामबाबू गुप्ता व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में आशा दत्ता प्राचार्य, अर्पणा लाल, डॉ आरबी गुप्ता, एसके साहू, रमेश सिंह, निर्मला बंजारे कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, मनोज श्रीवास, रक्षा दुबे, मनोजिनी भानु, रंजना चौहान, दिलीप मिश्रा, मनोज यादव, अजीत गेरा, श्वेता स्वर्णकार, पंकज गंधर्व, प्रसन्ना पाण्डेय, मीना नेताम, गौरी शंकर साहू, शारदा मिश्रा, रमऊ सिंह, शशि कश्यप, अजीत यादव, रामकुमारी यादव, मोहनमती, लक्ष्मी यादव, दीपक यादव सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।



## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला

# शहीदों के मूर्ति स्थलों पर चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

**गौरेला।** जीपीएम भारतीय जनता पार्टी जिला की ओर से घर-घर तिरंगा अभियान मोर तिरंगा - मोर अभिमान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय गौरेला में किया गया। अभियान के जिला प्रभारी डॉ राजीव सिंह ने कहा है कि 'हर घर तिरंगा' अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ हुआ, जो लगातार चल रहा है। इसी क्रम में जिलें में भी अभियान की सफलता को लेकर जिला एवं मंडल स्तर पर टीम बनाकर कार्यशाला करनी है।

उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, ताकि इस अभियान में युवा और महिलाओं को जागृत किया जा सके। इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर और उससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को नमन करते हुए इस अभियान को पूर्ण करना है। साथ ही 10 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मंडल से लेकर बूथ स्तर तक यह कार्यक्रम करना है। हर घर तिरंगा अभियान पिछली बार की तुलना में इस बार और प्रभावी रूप से हो, इस पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम की तीसरी कड़ी में स्वाधीनता संग्राम में शहीद लोगों के मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, साथ ही शहीद सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का भी कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 को अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के दौरान विभाजन की विभीषिका के बारे में देश के हर नागरिक को बताना है, कि किस तरह विभाजन की विभीषिका के दौरान लाखों लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। भाजपा के जिला प्रभारी डॉ जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के लिए हम सभी लगातार मेहनत करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव ने मोर तिरंगा-मोर अभिमान के बारें में प्रस्तावना रखी। मंच संचालन जिला महामंत्री किशन सिंह ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन जिला महामन्त्री कुबेर सिंह सर्राटी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से अभियान के जिला संयोजक कन्हैया सिंह राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, नपा पेंड्रा उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, कल्लूसिह राजपूत, बृजलाल सिंह राठौर, राकेश चतुर्वेदी, नीरज जैन, लूशनसिंग राठौर, मीरा पाव, राकेश दीक्षित, दयाचंद पोर्ते, बालकृष्ण अग्रवाल, छोटेलाल सोनी, गंगोत्री राठौर, किशमिश भानु, रानू नामदेव, तापस शर्मा, मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी, राजकुमार रोहणी, अजय तिवारी आदि मौजूद थे।





## शाला संसद का शपथ ग्रहण

**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय पेंड्रा में बुधवार 6 अगस्त को मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष राकेश जलान, प्रशांत श्रीवास एवं विद्यालय के प्राचार्य एलपी डाहिरे की उपस्थिति में छात्र संघ चुनाव के विजयी प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता जेपी पैकरा ने बच्चों को लोकतंत्र के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विजेता प्रत्याशी विद्यालय हित एवं छात्र हित में कार्य करेंगे एवं इसके साथ पढ़ाई में अच्छे अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन करें। नपा अध्यक्ष राकेश जलान ने विजयी छात्र प्रतिनिधियों को अपने पद की गरिमा बनाते हुए विद्यालय हित एवं छात्र हित में निष्पक्ष होकर कार्य करने की बात कही। इस तरह छात्र प्रतिनिधियों को पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अनिल कुमार शर्मा ने किया गया एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता बीएल पात्रे ने किया।

**खबर संक्षेप**

## मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में 8 अगस्त को दोपहर 3 बजे से लखीराम स्मृति ऑडोटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें प्रधानमंत्री मुफ्त सूर्य घर बिजली योजना और इसका लाभ लेने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। योजना के अंतर्गत बिजली उपकरण अपने घर में ही स्थापित करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकार की ओर से भारी अनुदान दिया जा रहा है। हर महीने अपने घर में ही बिजली संयत्र स्थापित कर 200 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादित कर सकते हैं। जरूरत से ज्यादा बिजली होने पर इसे पावर ग्रिड में डालकर अतिरिक्त आमदनी भी कमाई जा सकती है।

## वन्यप्राणियों के संरक्षण सुरक्षा के लिए नंबर जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर वनमण्डल क्षेत्रांतर्गत वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए टेलीफोन नंबर 07752-226082 शुरू किया गया है। वनमण्डलाधिकारी ने आमजनों से अपील की है कि यदि वे वनप्राणियों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित यदि कोई शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं तो उक्त टेलीफोन नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## साढ़े 3 लाख के जेवर लेकर बेचा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** नाबालिग युवती से लाखों के जेवर लेकर चंद रूपयों में बचेने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। मामले के अनुसार सकरी थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग अपने परिवार के साथ रहती है। उसे दो युवक डरा चमका कर रूपए की मांग करते थे। इससे भयभीत होकर घर के सामने रहने वाले श्रीधर तिवारी से मिली, उसने बताया कि सोने के जेवर होने पर उसकी मदद कर सकता है। नाबालिग लड़की श्रीधर तिवारी की बात में आ गई और 25 नवंबर 2024 को अपने घर में रखे 4 कंगन और नाक की फुल्ली जैसे करीब साढ़े 3 लाख के जेवर को श्रीधर के पास गिरवी कर दिया। गिरवी रखकर श्रीधर ने जेवर किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया, और नाबालिग को महज 30 हजार रूपए ही दिए। बुधवार को लड़की ने इसकी शिकायत सकरी थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में आरोपी श्रीधर तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर दो साल तक महिला के साथ कुकृत्य करने के मामले में सकरी पुलिस ने वन विभाग के एसडीओ पर जुर्म दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मामले के अनुसार उसलापुर में रहने वाली महिला का पाली में पदस्थ एसडीओ से संपर्क हो गया। इस दौरान वन विभाग के एसडीओ हरमन एक्का महिला के उसलापुर के घर आते जाते रहे। आरोपी एक्का ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ कई बार दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी रिपोर्ट सकरी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में आरोपी एसडीओ की पतासाजी कर रही है।

# पुलिस ने लौटाए 220 मोबाइल

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग के एसीसीयू साइबर सेल ने लोगों के 220 नग मोबाइल की रिकवरी कर ली है। करीब 50 लाख रूपए के इन मोबाइलों को उनके अमानतदार को पहुंचाया गया है।

बिलासपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के मोबाइल गुमने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीपी रजनेश सिंह ने मोबाइल तलाश करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश से 220 नग मोबाइल बरामद किए गए है। गुरूवार को उक्त मोबाइल उनके धारकों को वापस किया गया है। गुम मोबाइल की बरामदगी में प्रभारी निरीक्षक अजहर उद्दीन, आतिश पारिक, राहुल सिंह, राघवेन्द्र साहू, प्रशांत राठौर, प्रशांत सिंह, मुकेश वर्मा, सतीश भारद्वाज, नवीन एक्का, दीपक यादव व अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का सहयोग रहा है।



### इधर .. आरोपी को स्वयं ढूंढना पड़ा

एक ओर पुलिस लोगों के गुमे मोबाइल लौटाने का आंकड़ा प्रस्तुत कर रही है, दूसरी ओर एक मामला ऐसा भी है, जिसमें आवेदक को स्वयं आरोपी तक पहुंचकर मोबाइल लेना पड़ गया। चार दिन पहले पत्रकार उज्जवल तिवारी का मोबाइल उनके भाई के च्वाइस सेंटर से गायब हो गया था। सीसीटीवी फुटेज में एक महिला के साथ आया बालक मोबाइल उठाते दिखा। इसकी सूचना सरकंडा पुलिस को दी गई, परन्तु पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास नहीं किया। सीसीटीवी फुटेज से महिला का आधार नंबर मिलने पर इंटरनेट से उसका पता ठिकाना ढूंढा गया, इसकी जानकारी भी पुलिस को दी गई, परन्तु सरकंडा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अंत में आवेदक ने स्वयं महिला के घर जाकर अपना मोबाइल वापस मांगा। पुलिस कार्रवाई के भय से महिला ने बच्चे की गल्ती स्वीकार करते हुए मोबाइल लौटा दिया।

# डीजीपी ने ली अधिकारियों की क्लास

**बिलासपुर।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम गुरूवार को बिलासपुर पहुंचे, उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की और बैठक में स्मार्ट पुलिसिंग करते हुए दायित्व का निर्वाहन करने की सलाह दी।

- डीजीपी अरूण देव गौतम पहुंचे शहर, बेहतर पुलिसिंग का दिया सबक

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कानून व्यवस्था, अपराधों पर नियंत्रण, डिटेक्शन और विजिबल पुलिस तथा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक में सकरी बटालियन,रेडियो कार्यालय, हाई कोर्ट सुरक्षा, एयरपोर्ट सुरक्षा, विशेष आसूचना शाखा, अभियोजन कार्यालय के अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान आईजी डॉ. संजीव शुक्ला, एसएसपी रजनेश सिंह, सेकेंड बटालियन कमांडेंट मनोज खिलाड़ी, जोनल पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा श्रीमती दीपमाला कश्यप, रेडियो एसपी श्रीमती पूजा कुमार उपस्थित रहे।

डीजीपी ने संचालित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चेतना, अभियान को संस्थागत करने, फिंगरप्रिंट की उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बीट सिस्टम को प्रभावी बनाने, नए कानून के बेहतर क्रियान्वयन, सीसीटीएनएस, ई साक्ष्य, ई समन के विवेचना में के बारे में दिशा निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग,प्रकरण का निरकारण में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए हैं।



### साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनना था सभागृह

# टाउनहाल के पीछे दो मंजिला सभागृह निर्माण को नहीं मिली स्वीकृति

**पिछली सरकार की स्वीकृति निरस्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछली कांग्रेस सरकार के समय स्वीकृत के बाद भी टाउनहाल के पीछे दोमंजिला सभागृह निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। सरकार बदलने के बाद पुराने कार्यों पर रोक लगा दी गई और उसके बाद दोबारा सभागृह निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली। इस तरह टाउनहाल पीछे साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला सभागृह अब निरस्त हो गया है।

नगर निगम द्वारा टाउनहाल के पीछे वाली जमीन पर नया दोमंजिला सभागृह बनाने की योजना सरकार बदलने के बाद से ही खटाई में पड़ गई थी। निगम में काफी समय से एक नया सभागृह बनाने की प्लानिंग चल रही थी। इसके लिए टाउनहाल के पीछे वाली जगह का चयन किया गया था। इस खाली जमीन को नया सभागृह बनाने के लिए फाइनल किया गया था। इसमें नया दोमंजिला सभागृह करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से बनना था, जिसके लिए नगर निगम ने पिछले विधानसभा चुनाव के पहले ही टेंडर प्रक्रिया भी कर ली थी, लेकिन टेंडर के बाद न तो वर्क आर्डर हो पाया था और न ही काम शुरू हो पाया था, क्योंकि यह पांच करोड़ से अधिक का काम था, इसलिए सामान्य सभा में इसका प्रस्ताव पास कराना था। इसी बीच विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गया। आचार संहिता में नए काम शुरू करना प्रतिबंधित था और जैसे ही चुनाव निपटा तो प्रदेश में सत्ता बदल गई। प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद नई सरकार ने पिछली सरकार के अप्रारंभ कार्यों पर भी खर्चों में कसावट लाने के लिए रोक लगा दिया था। शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने अप्रारंभ कार्यों को वित्त विभाग की पुनः सहमति के बाद ही प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया था और दोमंजिला नए सभागृह बनाने का जो प्रस्ताव था उसे दोबारा स्वीकृति नहीं मिली।



### जमीन आबंटन का पेंच बाकी

टाउनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन नगर निगम की नहीं है, बल्कि बिल्हा जनपद पंचायत की है। नगर निगम द्वारा इस खाली जमीन को सभागृह बनाने मांग की गई थी। इसके बदले निगम द्वारा दूसरी जमीन या नया बस स्टैंड के पास दुकान देने की पेशकश बिल्हा जनपद पंचायत से की गई थी। लेकिन इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया था और टाऊनहाल के पीछे खाली पड़ी जमीन निगम को विधिवत आबंटित नहीं हो पाई है। हालांकि नगर निगम द्वारा जमीन आबंटन के पहले ही सभागृह बनाने के लिए जल्दबाजी में टेंडर कर दिया गया था, वह टेंडर भी निरस्त हो गया।

### सामान्य सभा के लिए सभागृह की आवश्यकता

नगर निगम में पहले सामान्य सभा टाउनहाल में होता था। निगम में शहर आसपास के तीन नगरीय निकाय समेत 15 ग्रामीण इलाकों को शामिल किए जाने के बाद पार्षदों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है। इन पार्षदों के अलावा एल्डरमैन भी सामान्य सभा में बैठते हैं। इसलिए यहां सामान्य सभा के लिए जगह छोटी पड़ती है। इसी वजह से निगम द्वारा लखीराम आडिटोरियम में सामान्य सभा कराई जाती है।

### निरस्त हो गया टेंडर

नगर निगम द्वारा टाउनहाल के पीछे खाली जमीन पर नया सभागृह निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्व में हो गई थी। लेकिन सभागृह का काम चालू नहीं हो पाया था। शासन ने अप्रारंभ कार्यों पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था उसके बाद दोबारा स्वीकृति नहीं मिली और टेंडर निरस्त हो गया।

**-प्रवीण शुक्ला,** कार्यपालन अभियंता, नगर निगम

### वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली

टाउनहाल के पीछे पहले नया सभागृह का निर्माण प्रस्तावित था, किन्तु उसका कार्य शुरू नहीं हो पाया था। सभागृह निर्माण कार्य को शासन से वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली पाई है।

**-राजकुमार मिश्रा,** सीई, नगर निगम

**न पैसा जमा, न चावल, न ही कोई एफआईआर**

# राशन दुकानदारों पर खाद्य विभाग मेहरबान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

43 लाख 45 हजार रूपए कीमत का 988. 48 क्विंटल चावल और साढ़े चार क्विंटल शक्कर दबाकर बैठे शहर के पांच राशन दुकानदारों पर खाद्य विभाग मेहरबान है। सारी दुकानें पहले से ही निलंबित की जा चुकी हैं, लेकिन खाद्यान्न की वापसी किसी ने नहीं की है। बीते दिनों एक दुकानदार के चावल जमा कर देने पर कलेक्टर द्वारा इन पांचों को भी खाद्यान्न वापसी के लिए एक महीने का समय देने, अन्यथा एक माह बाद एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। एक महीने की मियाद खत्म हुए ही आज एक महीने बीत चुके हैं, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

- 6 के खिलाफ होनी थी कार्रवाई, सिर्फ एक ने जमा किया चावल

खाद्यान्न के गबन के मामले में निलंबित किए जा चुके राशन दुकानदारों पर जब खाद्य विभाग इतना मेहरबान है, तो दुकानों का वर्तमान में संचालन कर रहे दुकानदारों के सिर पर पर विभाग की छत्रछाया कैसी होगी इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है। तीन महीने पहले तत्कालीन खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया द्वार कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष खाद्यान्न का गबन करने वाले शहर के 6 राशन दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर की अनुमति के लिए फाइल पुटअप की गई थी। एफआईआर की अनुमति मिल पाती इससे पहले ही 6 में से एक दुकानदार ने गबन किया गया खाद्यान्न विभाग में जमा करवा दिया। एक दुकानदार द्वारा खाद्यान्न जमा कर देने की सूचना के बाद कलेक्टर द्वारा अन्य पांचों दुकानदारों को भी खाद्यान्न वापसी के लिए एक महीने का समय देने की बात कही गई थी। इन राशन दुकानों में वार्ड क्रमांक 38 टिकरापारा स्थित जय मातादी प्राथमिक उपभोक्ता भंडार, जिस पर 8 लाख 5 हजार रूपए कीमती 191. 40 क्विंटल चावल गबन की कार्रवाई की गई थी। नेहरू नगर स्थित मां अन्नपूर्णा शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर 7 लाख 66 हजार कीमती 182. 32 क्विंटल चावल के गबन की कार्रवाई की गई थी। वार्ड क्रमांक 39 में मां भवानी राशन दुकान पर 13 लाख रूपए कीमती 306 क्विंटल चावल व 4.59 क्विंटल शक्कर गबन पर कार्रवाई की गई थी। वार्ड क्रमांक 47 में संचालित महिला शक्ति राशन दुकान पर 5 लाख 12 हजार रूपए कीमती 118. 70 क्विंटल चावल गबन पर कार्रवाई की गई थी।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 48 के जोगमाया खाद्य सुरक्षा समिति के खिलाफ 8 लाख 37 हजार रूपए कीमती 190 क्विंटल चावल गबन की कार्रवाई की गई थी। कलेक्टर द्वारा इन पांचों राशन दुकानदारों के संबंध में निर्देशित किया था कि अगर एक महीने के भीतर संबंधितों द्वारा खाद्यान्न या राशि की वापसी नहीं की गई तो इनके विरूद्ध एफआईआर करा दी जाए। एक महीने की समयावधि करीब एक महीने पूर्व ही समाप्त हो चुकी है, लेकिन आज दिनांक संबंधितों ने खाद्यान्न या राशि जमा नहीं कराई है। इसके विपरीत खाद्य अमले ने इस मामले में किसी तरह की कोई कार्रवाई भी नहीं की है।

# पुलिस ने मारा छापा, मेडिकल स्टोर सील

- प्रतिबंधित दवा की बिक्री पर पुलिस ने की कार्रवाई



**बिलासपुर।** नशे की प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोनी क्षेत्र के 3 मेडिकल दुकानों पर पुलिस ने रेड मारी और इसमें एक दुकान में प्रतिबंधित दवा की बिक्री करने पर पुलिस ने मेडिकल दुकान को सील कर दिया है।

नशे की प्रतिबंधित दवाइयों के बिक्री एवं बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर के संचालन पर कार्रवाई की जा रही है। 6 अगस्त को औषधि निरीक्षक नीलिमा साहू एवं राहुल तिवारी के साथ ही कोनी टीआई के संयुक्त टीम ने कोनी के गणेश मेडिकल स्टोर, श्रद्धा मेडिकल स्टोर और आरके मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान गणेश मेडिकल स्टोर का संचालक दीपक सोनवानी और श्रद्धा मेडिकल स्टोर का संचालक निशा सिंह उपस्थित मिले।दोनों मेडिकल स्टोर को चेक किया गया। प्रतिबंध टैबलेट एवं दवाई नहीं मिला, दवाइयां का बिलिंग भी सही पाई गई। इसके बाद सेंदरी मेंटल अस्पताल के सामने आरके मेडिकल स्टोर की जांच की गई, यहां दुकान के मालिक मौजूद नहीं थे। मौजूद कर्मचारी ने दस्तावेज दिखाने से इंकार कर दिया। कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने आर के मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है।

# ज्वेलर्स में चोरी का फरार आरोपी सिंगरौली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत के दामोदार ज्वेलर्स में लोहे के रॉड से अटासकर दुकाने के अंदर सोने और चांदी के 34 लाख रूपए के जेवर चोरी करने के मामले में साल भर से फरार आरोपी को सीपत थाने ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को एमपी के सिंगरौली से गिरफ्तार किया गया है।

- ससाल भर पहले की गई थी 34 लाख रूपए की चोरी

मामले के अनुसार 15 जुलाई 2024 के दरम्यानी रात को आरोपियों द्वारा सीपत के दामोदर ज्वेलर्स के शटर का ताला तोड़कर व शटर को लोहे के रॉड से अटॉसकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। सोने चांदी के जेवर व नगदी रूपए के साथ साढ़े 34 लाख की चोरी की गई थी। इस मामले में आरोपी लालमन उर्फ बडका बसोर, रामधीन बसोर, सियाराम बसोर, लालजी उर्फ किनका बसोर, राजेन्द्र गुप्ता उर्फ गुड्डा बनिया, मनीश सोनी उर्फ सुशांत उर्फ सोनू, अमित सिंह, विजय कुमार बसोड को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था। मामले में अबतक अन्य तीन आरोपी फरार थे। पुलिस मामले में फरार आरोपियों की पतासाजी कर रही है, इस दौरान सूचना मिलने पर मध्य प्रदेश सिंगरौली से आरोपी राम लल्लू उर्फ लल्लू पिता जनक लाल उम्र 25 साल को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को पुलिस अधिकारियों ने शहर लाया और विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में टीआई गोपाल सतपथी, कमल फूल साहू, प्रफुल्ल सिंह, आकाश मिश्रा का योगदान रहा।



## स्कूली बच्चों ने दिया देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

**बिलासपुर।** शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति अपनी भावना का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों ने मधुर स्वच्छता गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी के साथ ही बच्चों ने रंगोली और पेंटिंग के माध्यम से स्वतंत्रता व स्वच्छता थीम पर अपनी रचनात्मकता से सबका दिल जीत लिया।

# बाइक चोर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर के सामने खड़ी बाइक को चोरी करने वाले 2 आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से बाइक भी बरामद की गई है।



मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। कश्यप कालोनी निवासी अर्जुन दास बजाज पिता स्व. शीतल दास उम्र 50 वर्ष निवासी ने 6 अगस्त को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि घर के सामने रखी बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाय 4859 को अज्ञात चोर ने निशाना बनाया और चोरी कर ली है। इस दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिलने पर पुलिस ने इमरान और लक्की यादव को हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उक्त बाइक की चोरी उनके द्वारा की गई और बाइक को वाल्मिकी चौक के पास छोड़ने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने मौके पर जाकर बाइक की बरामदी की गई है।

वहीं इस मामले में चांटीडीह निवासी इमरान खान पिता नजीम खान उम्र 30 वर्ष और करबला चौक कुम्हारपारा निवासी लक्की यादव उर्फ लक्कू उम्र 22 वर्ष निवासी करबला चौक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।










इस 15 अगस्त
गूंज रहा
79 का
शोर चारो ओर!
रक्षाबंधन की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएँ
सुमीत बाजार
Freedom FESTIVAL SALE
ऑफर 1 अगस्त से 15 अगस्त
MRP. ₹295 & above प्रिंटेड कुर्ती ₹79
MRP. ₹125 & above हवाई चप्पल ₹79
MRP. ₹250 & above प्लास्टिक चटाई 4 X 6 ₹79
MRP. ₹149 & above गर्ल्स टीशर्ट ₹79
बाजार मूल्य ₹299 & above सिंगलबेड केशमेंट प्रिंट बेडशीट ₹179
MRP. ₹399 & above एयरटाईट प्लास्टिक बाऊल 8 पीस ₹179
बाजार मूल्य ₹599 & above डायनिंग राउण्ड मैट 2 पीस सेट ₹179
MRP. ₹499 & above मेन्स टीशर्ट ₹179
MRP. ₹460 & above फ्री साईज मिडी ₹279
MRP. ₹399 & above कॉटन विविंग साड़ी ₹279
बाजार मूल्य ₹1099 & above एक्सपोर्ट क्वालिटी प्रीमियम पिलो ₹279
MRP. ₹779 & above मेन्स ब्रांडेड शर्ट ₹279
MRP. ₹249 & above गर्ल्स टीशर्ट 3 पीस ₹379
MRP. ₹499 & above साऊथ सिल्क कनकावटी साड़ी BUY 1 GET 1 ₹379
MRP. ₹599 & above किंग साईज बेडशीट 1+2 ₹379
MRP. ₹999 & above मेन्स ट्राउजर ₹379
MRP. ₹649 & above फैंसी फ्रॉक कुर्ती 2 पीस ₹479
MRP. ₹699 & above अखिरा सिल्क विथ हैण्डवर्क साड़ी ₹479
बाजार मूल्य ₹1999 & above पेचवर्क डिजाईनर डबलबेड बेडशीट ₹479
MRP. ₹999 & above मेन्स कोआर्ड सेट ₹479
MRP. ₹399 & above गर्ल्स को-आर्ड सेट 2 सेट ₹579
MRP. ₹899 & above सिनॉन प्रिंटेड विथ सरोस्की बॉर्डर साड़ी BUY 1 GET 1 ₹579
MRP. ₹899 & above डबलबेड कम्फर्टर 2 पीस ₹579
MRP. ₹1199 & above मेन्स जीन्स ₹579
*condition apply
ऑफर आयटम खत्म होने पर दूसरा आयटम दिया जा सकता है ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है आयटम भिन्न हो सकते हैं
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

7-AUG--REGNOL-pg-3-AULTOR_Layout 1 8/8/2025 12:29 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिले में नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को



**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में 13 सितंबर को जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में आवश्यक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने की। इस अवसर पर प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा ठाकुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचन लता आंचला, बीमा कंपनियों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में श्रीमति मेरावी ने सभी बैंक शाखाओं, बीमा कंपनियों, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका मुंगेली के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने के निर्देश दिए गए। साथ ही न्यायालय में लंबित मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के प्रभावी निराकरण की दिशा में आवश्यक रणनीति पर चर्चा की गई।

### कथक नृत्यांगना माही ने बढ़ाया जिले का गौरव



**मुंगेली।** राजधानी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक कौशल महोत्सव 2025 में मुंगेली जिले की कत्थक नृत्यांगना माही पाठक ने जूनियर वर्ग में दूसरा स्थान हासिल कर मुंगेली जिले का मान बढ़ाया है। कृष्णा ललित कला महाविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कत्थक कौशल महोत्सव 2025 में यह उपलब्धि न केवल माही पाठक के लिए, बल्कि पूरे मुंगेली जिले के लिए गौरव की बात है। माही पाठक ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। पूर्व में स्नेहा और माही पाठक ने राजनांदगांव, भिलाई और पुणे में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा में द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल कर चुकी हैं। माही ने मुंगेली की आत्मानंद स्कूल से 12वीं की परीक्षा इस वर्ष ही पास की है, और उनकी आगे की कॉलेज की पढ़ाई जारी है। माही पाठक की माता स्वीटी पाठक और पिता पंडित राजू पाठक हैं, माही पाठक ने डांस की शिक्षा अपनी बहन स्नेहा शर्मा से ही ली है। स्नेहा शर्मा एक प्रतिभाशाली कत्थक नृत्यांगना हैं, और कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं।

### रक्षाबंधन परिवार एवं रिश्तों के महत्व को समझाता है: रोशनी



**गौरेला।** रक्षाबंधन मात्र एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह परिवार के साथ-साथ भाई बहन के रिश्ते को मजबूत बनाए रखने का माध्यम है, जो हमें परिवार और रिश्तों के महत्व को बताता है। उक्त बातें नपा गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा ने स्टार किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित रक्षाबंधन प्रतियोगिता कार्यक्रम में कही। गौरेला के ज्योतिपुर स्थित स्टार किड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया एवं अपने हाथों से राखी बनाकर लाए। इस पर प्रत्येक कक्षा से 2 बच्चों प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार एवं अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेता तापस शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए त्यौहार के महत्व को बताया। कार्यक्रम का आभार स्कूल के डायेक्टर ईसा मसीह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी टीचिंग स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

### झझपुरीखुर्द मिडिल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता



**जरहागांव।** झझपुरी खुर्द मिडिल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 20 प्रतिभागी बच्चों को रामावतार बर्मन ने 550 रूपए एवं ज्वाला प्रसाद कश्यप ने 220 रूपए का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम अरविन्द साहू, द्वितीय देवकुमार साहू एवं तृतीय स्थान चंदा कश्यप ने प्राप्त किया। इस अवसर पर एचएम मनोज जायसवाल ने कहा कि राखी केवल धागे से बनी पहनने की वस्तु नहीं है, अपितु यह भाई-बहन के पवित्र अटूट प्रेम को दर्शाता है। राखी बांधकर बहन अपने भाई से आजीवन रक्षा करने की वचन प्राप्त करती है। उन्होंने कहा कि अपने हाथों से राखी तैयार कर बच्चों ने आपस में जो प्रेम प्रकट किया वह यादगार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक मनोज जायसवाल, रामावतार बर्मन, नरेन्द्र कोशले, ज्वाला कश्यप एवं धरमपाल उइके का सहयोग रहा।

### प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को भेजा गया घर

# बरदुली प्राथमिक शाला की छत का प्लास्टर गिरा, दो बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जरहागांव

शासकीय प्राथमिक शाला बरदुली में गुरुवार को स्कूल की छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर गिर गया, जिससे तीसरी कक्षा के छात्र हिमांचुक दिवाकर, आंशिक दिवाकर के सिर पर गंभीर चोटे आई। बच्चों को उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया है। जर्जर स्कूल भवन में बच्चों को पढ़ाने पालक अब तैयार नहीं है।

जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले के ग्राम बरदुली स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में गुरुवार की सुबह बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचे। इनसे गांव के ही राजा दिवाकर और रमेश दिवाकर बच्चे हिमांचुक दिवाकर, आंशिक दिवाकर भी शामिल थे। कक्षा तीसरी में पढ़ने वाले दोनों बच्चे सुबह स्कूल की कक्षा में जाकर बैठे, इसी दौरान स्कूल की छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। छत के नीचे बैठे प्लास्टर की चपेट में आ गए, इसमें हिमांचुक व आंशिक दोनों को गंभीर चोट आई। छत का प्लास्टर गिरने की सूचना आग की तरह गांव में फैल गई और वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही विभागीय अफसर भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने घायल बच्चों को उपचार के लिए दशरंगपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर बच्चों का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया।

### विभागीय अफसरों ने लिया मौके का जायजा



#### अतिरिक्त कक्ष की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शिक्षा विभाग को सूचना दी गई। घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। उक्त भवन में बच्चों को नहीं बैठने के लिए प्रधान पाठक को हिदायत दी गई है। साथ ही प्रशासन से अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने की मांग की गई।

**रानू तुकाराम साहू**, सरपंच, ग्राम पंचायत बरदुली

#### अचानक हुई घटना

प्राथमिक शाला भवन की छत का प्लास्टर गिरने की जानकारी मिलते ही तत्काल बीईओ को घटनास्थल पर भेजा गया। मौके की जांच कर प्रतिवेदन में बनाया गया है। प्रधान पाठक अखिलेश शर्मा एवं शिक्षकों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि घटना अचानक हुई है। वहां छत गिरने की स्थिति में दिखाई नहीं दे रही थी। अचानक छत गिरने से बच्चों को चोट आई है। उनका इलाज कराया गया है। साथ ही बच्चों की क्लास आंगनबाड़ी में लगाने का निर्देश दिया गया है।

**सीके घृतलहरे**, जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

#### अभिभावकों ने बताया- बच्चे गुमसुम हैं

चोटिल हुए बच्चों के पिता राजा दिवाकर, रमेश दिवाकर ने बताया कि प्राथमिक शाला में बच्चे पढ़ने गए थे। इसी दौरान स्कूल की छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर गिर गया जिनके कारण बच्चों के सिर पर चोट आई है। जब से बच्चों को चोट लगी है तब से बच्चे सहमे हुए हैं। वे अब स्कूल जाने के नाम से घबराने लगे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता रामचंद्र साहू, मकराल यादव, सरपंच प्रतिनिधि तुका राम साहू ने घर पहुंचकर बच्चों का हालचाल पूछा और बच्चों को मोटिवेट कर हर संभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग से अधिकारी आए थे उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दशरंगपुर में बच्चों का प्राथमिक उपचार कराकर उन्हें घर भेज दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने बताया कि बच्चों की स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल बिलासपुर रिफर किया जाना था पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

### महिला मंडल ने मनाया सावन महोत्सव



लोरमी। महिला मंडल की ओर से महामाया मंदिर रानीगांव में सुंदर कांड एवं श्रीरामचरित मानस का पाठ कर भजन कीर्तन का अयोजन किया गया। इसके बाद सावन महोत्सव आयोजित किया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर, बबीता अग्रवाल, उषा, भुनेश्वरी राजपूत, राजकुमारी, रेवती राजपूत, लता, अनुराधा वैष्णव, दीपा, सिंधु ठाकुर, अहिल्या साहू, पुष्पा, पार्वती, तारा, कमला सोनी, माधुरी शर्मा आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं में दिखा सावन उत्सव का उत्साह



रतनपुर। नगर में क्वीन ऑफ रतनपुर की महिलाओं में सावन उत्सव को लेकर जोरदार उत्साह देखने को मिला। और सभी महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों से सुसज्जित होकर गीत-संगीत में मगन रहीं। इस दौरान महिलाओं ने गीत, संगीत नृत्य व विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया, जिसका सभी महिलाओं ने जम कर लुफ्त उठाया। सावन उत्सव के दौरान अंत में पुष्पलता कश्यप को सावन सुंदरी चुना गया। गेम की विनर मंजू गुप्ता रहीं। कार्यक्रम में अनुराधा जायसवाल, अन्नू चंदेल, नीलू मानिक, गायत्री वैष्णव, सीमा सोन, कविता जायसवाल, सरला जायसवाल,नम्रता जायसवाल, सुनीता, मोना चंद्रानहु, सरिता जायसवाल, निधि जायसवाल, गुंजा जायसवाल, सुषमा केसरवानी, पूजा गुप्ता, कल्पना शर्मा, प्रतिभा कश्यप आदि शामिल रहीं।

### महिलाओं ने उठाया विभिन्न गतिविधियों का आनंद



तखतपुर। नगर में सावन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होकर महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का लुफ्त उठाया। सावन उत्सव कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष गौरी देवांगन ने कहा कि, प्रकृति में चारों तरफ हरियाली होती है तो मन को शांति का अनुभव होता है। प्रकृति का हरियालीपन व्यक्ति को प्रकृति से बांधकर रखता है। इस सावन उत्सव में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की, जिसमें साज सज्जा, केश सज्जा, पानी पुरी खाव प्रतियोगिता आदि शामिल थीं। इस अवसर पर संध्या जायसवाल, कुसुम देवांगन, शुकन्या देवांगन, रत्ना देवांगन, अल्का शिवहरे, ज्योति गुप्ता, अंशु देवांगन, सोनिया सोनी, सोनू देवांगन, ललिता देवांगन, रानी देवांगन, सीमा यादव सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कांग्रेसियों ने बिजली ऑफिस का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** बीते कुछ माह में लगातार बढ़ते बिजली बिल सहित बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध मे कांग्रेस ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। इसके विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने बिजली आफिस का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बिजली बिल हाफ योजना बंद करने को लेकर प्रदेश सरकार को जमकर कोसा है। उन्होंने कहा कि, जिस तरह से प्रदेश सरकार जनता की जेब में डाका डालने का काम कर रही है, आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी। पूर्ववर्ती सरकार ने आम जनता के हितों को देखते हुए 400 यूनिट तक छूट दी थी, किंतु प्रदेश की भाजपा सरकार 100 यूनिट का टेरिफ जारी किया है, जो आम जनता और किसानों के साथ अन्याय है। पूरे प्रदेश में बिजली ऑफिस घेराव कर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली आफिस घेराव किया गया है। दिए गए ज्ञापन के अनुसार राज्य की भाजपा सरकार के द्वारा बिजली दरों में की गई चौथी बार की वृध्दि से आम जनता, किसान एवं व्यापारी वर्ग पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10-20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट तथा कृषकों के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की वृध्दि कर दी गई है। यह निर्णय आम जनता और



किसानों के हितों के विपरीत है तथा उनके जीवन-यापन में भारी कठिनाई उत्पन्न कर रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू चंद्रभान बारमते, हेमेंद्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, स्वतंत्र मिश्रा, जागेश्वरी वर्मा, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा लक्ष्मी कांत भास्कर, अभिलास सिंह, राजेश छेदहिया, उर्मिला यादव, अरविंद वैष्णव, लोकराम साहू, नरेश पाटले, राजा ठाकुर, रामचंद्र साहू, कौशल सिंह क्षत्रिय, मनीष त्रिपाठी, संजय चंदेल, लखन कश्यप, संजय जायसवाल, अनीता विश्वकर्मा, मनजीत रात्रे, माया रानी सिंह, हेमिन मंगेशकर, मिथलेश जायसवाल, पुष्पा शिव घृतलहरे आदि शामिल थे।

## जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम 11 को

- कलेक्टर एवं एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**मल्हार।** वर्षों से क्षेत्र की उपेक्षित और जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर आगामी 11 अगस्त को चक्काजाम करने का फैसला लिया है। यह निर्णय बीते दिनों हुई बैठक में लिया गया, जिसमें जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे, सरपंच एवं प्रभावित ग्रामों के नागरिक उपस्थित थे। बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी चकरबेढा से खपरी-कुटेला-विद्याडीह मार्ग एवं बूढ़ीखार से जैतपुर नवागांव सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी



है। ग्रामीणों का आवागमन कठिन हो गया है, और बरसात में यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के अधीन बकरकूदा से सरसेनी-मटिया मार्ग भी वर्षों से जर्जर हालत में है, जिसकी मरम्मत के लिए कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उक्त गम्भीर मुद्दों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कहा है कि यदि संबंधित विभाग समय रहते इन सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं करते, तो 11 अगस्त को प्रभावित ग्रामीणों के साथ चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। आंदोलन की सूचना देते हुए एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी एसडीएम एवं कलेक्टर को सौंपा गया एवं तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई, ताकि जनता को हो रही कठिनाइयों का समाधान किया जा सके।

### राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए अंकिता, देवकी का चयन

**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांकी के विद्यार्थियों का चयन 25वीं राज्य स्तरीय शाला क्रीडा शतरंज प्रतियोगिता हुआ है, जिसमें अंकिता घृतलहरे



कक्षा 11वीं और देवकी निर्मलकर कक्षा 12वीं को चुना गया है। इन्होंने 25वें बिलासपुर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता मुंगेली में 2 अगस्त को संपन्न हुआ, जिसमें 5 मैच में 4.5, 4.5 अंक प्राप्त कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंकिता घृतलहरे ने पिछले साल 24वें राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता राजनंदगांव में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता कोलकाता के लिए हुआ था। इनकी इस उपलब्धि पर समस्त शाला परिवार, प्राचार्य सीमा मरावी, व्याख्याता संजीव कटकवर, मोहित तिवारी, राजेश बर्मन, नवल किशोर साहू, सोनल दुबे, दीपश्री महिलांग, लक्ष्मी झा, पीटीआई देवेंद्र सिन्हा, प्रयोग शाला शिक्षक आशुतोष धर शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह ठाकुर एवं समिति के सदस्यों ने प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

## जन्माष्टमी मनाने यादव समाज की बैठक

**मुंगेली।** यादव समाज की बैठक में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का यह आयोजन 17 अगस्त को किया जाएगा। आयोजनकर्ता समिति जिला यादव समाज ने निर्णय लिया कि जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम के लिए किसी भी व्यवसायी, व्यक्ति, फर्म अथवा कहीं अन्य से भी कोई चंदा या सहयोग राशि नहीं ली जाएगी।

महोत्सव में होने वाले समस्त खर्च समिति के मुख्य पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से ही वहन किए जाएंगे। नगर एवं जिले में यादव समाज के सभी वर्ग ने इस निर्णय का स्वागत किया है। कार्यक्रम में जन्माष्टमी महोत्सव के साथ ही साथ मुंगेली जिले में पहली बार युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम भी



बैठक में उपस्थित सामाजिकजन।

रखा गया है। आयोजन में दोपहर 12 बजे से श्रीकृष्ण झांकी के साथ यादवों की टोली रैली के शक्ल में पुराना बस स्टैंड से शहर के विभिन्न मुख्य मार्ग से भ्रमण करती हुई वापस सामुदायिक भवन पहुंचेगी, जहां पूर्व से ही परिचय सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रम संचालित रहेंगे। जिसमें रैली के समाहित होने के साथ ही मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष तथा आयोजक, संयोजक की उपस्थिति में मंचीय कार्यक्रम गतिमान रहेगा। कार्यक्रम के संबंध में निर्णय लेने एवं कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में श्रीराम सीरिया यादव रामशरण यादव, रामकुमार यादव, शैलेन्द्र यादव, नरेश यादव, रमेश यादव, संतोष कुमार यादव, महेश यादव, नीरज यादव, शैलेंद्र यादव, विनोद यादव, बिल्लू यादव उर्फ जलेश्वर यादव, घनश्याम यादव इत्यादि सम्मिलित रहे।

## औषधि प्रशासन की टीम ने एकत्र किए खाद्य पदार्थों के नमूने

**सेतगंगा-मुंगेली।** नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान के तहत हॉटल, रेस्टोरेंट एवं किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पुष्पा खाखा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मुंगेली के सेतगंगा स्थित राज किराना स्टोर्स से रूचि न. 1 वनस्पति डालडा, रमेश हॉटल से नमकीन मिक्चर, देवागंन हॉटल से खोवे की बर्फी, शम्भू चाय-नाश्ता से नमकीन सलोनी, पलक-पायल किराना स्टोर्स से गुलाब जामुन एवं चैतराम हॉटल से मोतीचूर लड्डू का सैंपल लिया। इसी तरह खाद्य सुरक्षा



अधिकारी अजीत बघेल ने नगर पंचायत सरगांव स्थित बल्ला होटल से पेड़ा, जय विश्वनाथ यादव हॉटल से खोवा एवं बर्फी, श्रीकृष्णा सिंह हॉटल से पेड़ा एवं मोतीचूर लड्डू, बेदू हॉटल से बर्फी एवं दुर्गेश डेली नीड्स में निरीक्षण कर जांच हेतु नमूना संकलन कर खाद्य विश्लेषक, राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा।

### 85 बुजुर्गों का परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई

# वरिष्ठ नागरिक संगोष्ठी में विभिन्न मांगों पर चर्चा

**मुंगेली।** बुजुर्गों की सेवा करना पूजा के समान पवित्र कार्य है, इसलिए उनके हित में कार्य करना मैं अपना परम कर्तव्य मानता हूं। उक्त विचार वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रदेश महासचिव धनेश सोलंकी ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर उन्हें प्रदेश महासचिव निर्वाचित होने पर स्वर्णकार समाज मुंगेली के अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी सोनी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सोनी, विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष दिनेश सोनी तथा कार्यकारिणी के सदस्य कमल सोनी, वैद्यनाथ सोनी, राजेश सोनी, धीरज सोनी ने पुष्पगुच्छ, साल व श्रीफल देकर



सम्मान पत्र के साथ सम्मानित किया। सियान सदन में प्रवेश करने पर उनका छत्तीसगढ़ पेंशनर कल्याण संघ के अध्यक्ष सईद खान के नेतृत्व में प्रमोद पाठक, एनके तिवारी, अशोक तिवारी, एचआर भास्कर, डीडी मानिकपुरी, शंकर सिंह राजपूत, प्रेमलाल यादव, हरि साहू, कदम दास कोशले, जगदीश देवांगन, किशन क्षत्रिय, एमएल टण्डन, ओम कोशले, लववीर गुप्ता, नारायण प्रसाद राठौर, मेरो प्रसाद तिवारी, नरेन्द्र बेताल आदि के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेदराम चतुर्वेदी, रामभजन देवांगन तथा दुष्यंत सिंह क्षत्री को नए सदस्य के रूप में सदस्यता प्रदान की गई। सम्मेलन में सईद खान ने बताया कि धारा 49 को विलोपित करने तथा 2 प्रतिशत लंबित महंगाई भत्ता शीघ्र देने के लिए राज्य सरकार से मांग की गई। इस अभिनंदन समारोह में आए हुए 85 बुजुर्गों को जिला अस्पताल के डॉ मनीष बजारा एवं उनकी टीम के द्वारा परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन सुभाष चन्द्र दीक्षित के ने किया। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत सदस्यों बुधराम साहू तथा रमेश श्रीवास्तव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

## 12 घंटे में चोरी का खुलासा नाबालिग सहित 2 गिरफ्तार

**मुंगेली।** नगर में एक सूने मकान से हुई चोरी का पुलिस ने 12 घंटे में खुलासा कर दिया है। 5 अगस्त को बीरबल सोनकर ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 3 अगस्त को वे अपने परिवार के साथ दादी की बरसी में ग्राम कोयलारी गए थे। जब वे अगले दिन सुबह वापस लौटे, तो देखा कि मेन गेट का ताला तो लगा था, लेकिन अंदर जाने पर कमरे का ताला टूटा हुआ था।

आलमारी से 14 हजार रुपए नगद और करीब 66 रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए थे। पुलिस ने विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर नेटवर्क और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर खरीपारा क्षेत्र में घेराबंदी कर अंकित सारथी 20 वर्ष और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि वे सूना मकान देखकर बाथरूम के रास्ते छत पर चढ़े और फिर खुले दरवाजे से घर में घुसे, उन्होंने हसिया से अलमारी का लॉकर तोड़कर जेवरात और नकदी चुराई। चोरी के बाद उन्होंने जेवरात को मोर छत्तीसगढ़ ढाबा के पीछे जमीन में दबा दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 66 हजार रुपए के जेवरात और 1 हजार रुपए नगद बरामद कर लिया था।